डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 170 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 29 मई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## कोरोना के नए वैरिएंट पर मौजूदा वैक्सीन बेअसर

● एक्सपर्ट बोले- चौथी लहर अगर आई तो 28 दिन से ज्यादा नहीं रहेगी ● देश में कोरोना के फिलहाल 1326 एक्टिव मामले



**नई दिल्ली (एजेंसी)** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आज एक्टिव केसों की संख्या 1326 पहुंच गई। वहीं, मौतों की संख्या 14 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। उधर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) कानपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि 2022 के बाद नए वैरिएंट की वजह से कोविड पेशेंट कई बार बढ़े हैं, लेकिन कोई गंभीर स्थिति नहीं देखी गई। मेरा अंदाजा है कि इस बार भी बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। वहीं, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU) के प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे के मुताबिक कोविड की चौथी लहर आती है तो उसका असर 21 से 28 दिन तक रहेगा। यह दूसरी लहर की तरह जानलेवा नहीं होगी।

### एक्सपर्ट बोले-

नए वैरिएंट पर वैक्सीन का असर नहीं- प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे का कहना है कि जिन लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया था, उन्हें भी सावधानी बरतने की जरूर है। इसकी वजह यह है कि वैक्सीनेशन नए वैरिएंट का असर होने से नहीं रोक सकता। हालांकि, वैक्सीनेशन की इम्यूनिटी अभी भी पूरी तरह से कमजोर नहीं हुई है। यह आपके शरीर को नए वैरिएंट से लड़ने में मदद जरूर कर सकती है।

जयपुर में 26 मई को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी।

### भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट





भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। ICMR के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG , JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए, बस सतर्क रहना चाहिए।

## पीओके कहेगा, 'मैं भारत हूं'

● राजनाथ सिंह बोले- पीओके के लोग हमारे अपने हैं ● वहां के लोगों का भारत से गहरा जुड़ाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)** पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना 'कॉस्ट इफेक्टिव' नहीं है, बल्कि इसकी एक भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अंदाजा आज पाकिस्तान को हो चुका है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर में, पूरे देश की जनता ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो चुका है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए जरूरी है। भारत एक तरफ आर्थिक सफलता की सीढ़ियों पर तेजी से बढ़ते हुए आज, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, और जल्द ही यह तीसरी बड़ी



अर्थव्यवस्था के रूप में नजर आएगा।' रक्षा मंत्री गुरुवार को दिल्ली में सीआईआई की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह पूर्ण विश्वास है कि हमारे वो भाई जो आज हमसे भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हैं, वे भी अपने स्वाभिमान, आत्मा की आवाज और स्वेच्छा से भारत की मुख्य धारा में कभी न कभी जरूर लौटेंगे। वहां के अधिकांश लोग भारत के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं, कुछ गिने-चुने ही हैं, जिन्हें भटकाया गया है। पीओके में रहने वाले हमारे इन भाइयों की स्थिति कुछ ऐसे ही है, जैसे वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी।

## थरूर बोले-गांधी का देश अब दूसरा गाल आगे नहीं करेगा

● किसी भी हमले का जवाब देगा; बीजेपी विधायक ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार रात को कहा कि महात्मा गांधी का भी देश किसी हमले पर दूसरे गाल को आगे नहीं करेगा। जवाब में सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख एकदम साफ है। हम आतंकवाद के खिलाफ पूरी दृढ़ता से खड़े हैं। उन्होंने यह बात पनामा में भारतीय दूतावास के एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि (महात्मा गांधी ने) स्वतंत्रता आंदोलन में हमें यह भी सिखाया कि हमें हमेशा अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए।

उधमपुर ईस्ट से भाजपा विधायक रणवीर पठानिया ने ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयरफोर्स के पायलट सोए हुए थे। कुसूर हमारा है, हम लोगों ने इन्हें अपनी पलकों पर बैठा रखा है।'

## कर्नाटक कांग्रेस में फिर रार

● अधिकारियों के तबादले पर भिड़ गए CM सिद्धारमैया और डिप्टी CM डीके शिवकुमार



**बैंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के तबादले को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। इस संबंध में डीके शिवकुमार ने राज्य के चीफ सेक्रेटरी को एक पत्र भी लिखा है और कहा कि उनकी मर्जी के बिना उनके विभाग में अधिकारियों का तबादला नहीं किया जा सकता। ये विवाद उस वक्त शुरू हुआ जब सीएम ने जल संसाधन मंत्रालय के मुख्य अभियंताओं (चीफ इंजीनियर्स) का ट्रांसफर बिना शिवकुमार की मंजूरी कर दिया था।

## पाक समझ ले, 3 बार घुसकर मारा

**पीएम मोदी की पाकिस्तान को दो टूक**

● बंगाल में बोले- अब आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी
● TMC और ममता बनर्जी पर भी जमकर बरसे

**कोलकाता।** पीएम मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। पीएम ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया।

पीएम ने कहा- पाकिस्तान समझ ले तीन बार घर में घुसकर मारा है। हम शक्ति को पूजने वाले लोग हैं। बंगाल टाइगर की धरती से 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि, केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है क्योंकि टीएमसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं।



आज पश्चिम बंगाल एक साथ कई संकटों से घिरा हुआ है। पहला संकट- समाज में फैली हिंसा और अराजकता का है। दूसरा- माताओं बहनों की असुरक्षा का है।

### मोदी बोले- बंगाल में मची चीख-पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार

पीएम ने कहा- करप्शन का सबसे बुरा असर नौजवानों पर पड़ता है, गरीबों पर पड़ता है। ये चारों तरफ बर्बादी लाती है। ये हमने टीचर भर्ती घोटाले में देखा है। इस सरकार ने अपने शासन में हजारों टीचर का भविष्य बर्बाद कर दिया। टीएमसी के घोटालेबाजों ने सैकड़ों बेटे बेटियों को अंधकार में धकेल दिया है। ये सिर्फ कुछ हजार टीचर्स के साथ धोखा नहीं है बल्कि पूरे एजुकेशन सिस्टम को खराब कर दिया।

### पीएम ने दिया

**ममता सरकार की निर्ममता का उदाहरण-** पीएम ने कहा- मुर्शिदाबाद और मालदा में जो कुछ हुआ है, वो यहां की सरकार की निर्ममता का उदाहरण है। गरीबों की पूंजी राख कर दी गई। तुष्टिकरण के नाम पर गुंडागर्दी को खुली छूट दी गई। विधायक और कॉरपोरेटर लोगों के घरों को चिन्हित करके जलाते हैं पुलिस तमाशा देखती है। मैं बंगाल की जनता से पूछता हूं कि क्या सरकारें ऐसे चलती हैं। साथियों बंगाल की जनता पर हो रहे इन अत्याचारों को यहां की निर्मम सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। यहां हर बात पर कोर्ट को दखल देना पड़ता है।

## ट्रम्प को झटका, एलॉन मस्क ने छोड़ा साथ

DOGE से भी दिया इस्तीफा, कहा- मेरा टाइम पूरा हुआ

### मस्क राष्ट्रपति के पसंदीदा बिल से हैं नाराज



**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)** टेस्ला के मालिक और अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क ने ट्रम्प प्रशासन छोड़ दिया है। उन्होंने भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5.30 बजे सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी।

मस्क ने कहा कि स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लॉयी के तौर पर मेरा समय पूरा हुआ। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को धन्यवाद भी दिया।

ट्रम्प ने मस्क को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DOGE) का जिम्मा दिया था। जिसका काम सरकार की फिजूलखर्ची कम करना था। जानकारी के मुताबिक ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद DOGE प्रमुख के तौर पर मस्क की नियुक्ति 30 मई 2025 तक के लिए ही की थी।

● **सरकार से अलग, ट्रम्प से भी दूरी के संकेत-** मस्क ने DOGE छोड़ने से एक दिन पहले अमेरिकी टीवी चैनल CBS को दिए इंटरव्यू में कहा - राजनीति में जितना करना था कर लिया। अब चंदा नहीं दूंगा। वॉशिंगटन पोस्ट को दिए इंटरव्यू में मस्क ने कहा था- फेडरल ब्यूरोक्रेसी की हालत जितनी सोची थी, उससे कहीं ज्यादा खराब है। ये दोनों बयान संकेत है कि मस्क राजनीति से दूरी बनाएंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्क अब सरकारी भूमिका से हटकर फिर से टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी अपनी कंपनियों पर ध्यान देने जा रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश में आठ साल में 8 हजार से ज्यादा एनकाउंटर

● 228 अपराधियों को उतारा मौत के घाट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जब से योगी सरकार आई है, तब से अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए धड़ाधड़ पुलिस एनकाउंटर हो रहे हैं। इस सरकार के आठ साल के कार्यकाल में एनकाउंटर के दौरान



228 अपराधी मारे जा चुके हैं। हालांकि, सरकार जहां इसे 'सख्त कानून व्यवस्था' कहती है वहीं, आलोचक इसे 'ठोक दो की नीति' बताते हैं। आपको बता दें कि 20 मार्च 2017 को योगी आदित्यनाथ सूबे के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने पहला ऐलान- कानून का राज और अपराधियों का खात्मा करने को लेकर ही किया। जिसके बाद यूपी पुलिस को खुली छूट मिली और शुरू हुई एक नई नीति- अपराधी या तो सरेंडर करे या मारा जाएगा।

## यमुना की सफाई के लिए पीएम मोदी का 3 साल का टारगेट

अगले लोकसभा चुनाव तक पानी पीने लायक होगा

### 4 इंजन की सरकार मिलकर करेगी काम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यमुना नदी अपने प्रदूषण के चलते सुर्खियों में बनी रहती है लेकिन अब आने वाले कुछ सालों में इसकी तस्वीर बदल जाएगी। केंद्र सरकार ने अगले तीन साल में इस नदी को साफ करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद यह लक्ष्य तय किया है। नदी की शीर्ष स्तर पर मॉनीटरिंग हो रही है। पीएम मोदी ने गृह मंत्री और जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल के साथ इस मामले पर एक मीटिंग भी की है। पीएम का लक्ष्य अगले डेढ़ साल में यमुना का पानी नहाने लायक और उसके अगले डेढ़ साल में नदी के पानी को पीने लायक बनाना है।

### कैसे हो रही है यमुना की सफाई

इन दिनों यमुना की सफाई का तीसरा चरण जारी है। जलकुंभी की सफाई की जा रही है और मशीनों से इन्हें हटाया जा रहा है। हर दिन नौ घंटे यमुना से जलकुंभी हटाने का काम चल रहा है। जबकि वजीराबाद पुल, सोनिया विहार जैसे इलाकों में इन्हें नदी से हटा दिया गया है। जलकुंभी हटाने के लिए 45 दिनों का टारगेट तय किया गया था। अगले 25 दिनों में पूरी तरह से जलकुंभी हटा ली जाएगी। इसके बाद नदी से गाद निकालने का काम शुरू होगा। इसके बाद नदी की ड्रेजिंग होगी ताकि नदी में पानी का बहाव बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## IRCTC घोटाले में 23 जुलाई को फैसला

● लालू यादव भी इस घोटाले के आरोपी ● 7 साल तक की हो सकती सजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** IRCTC होटल घोटाले में 23 जुलाई को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। CBI के एडिशनल डायरेक्टर, राकेश अस्थाना ने बताया था-'लालू यादव रेल मंत्री थे, तब रेलवे के पुरी और रांची स्थित BNR होटल को IRCTC को ट्रांसफर किया था। इन्हें रख-रखाव और इम्प्रूव करने के लिए लीज पर देने की प्लानिंग थी।'



इसके लिए टेंडर विनय कोचर की कंपनी मेसर्स सुजाता होटल्स को दिए गए। टेंडर प्रॉसेस में हेर-फेर किया गया था। टेंडर की यह प्रॉसेस IRCTC के उस वक्त के एमडी पीके गोयल ने पूरी की। 17 जुलाई 2017 को सीबीआई ने लालू समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

● पत्नी की हत्या कर शख्स ने बेटी को किया फोन, कहा- तेरी मां को मार दिया है

## भागे-दौड़े पहुंचे लोग, मंजर देख रह गए सन्न

**मुरैना (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मुरैना से दिल दुखाने वाला मामला सामने आया है। यहां पत्नी की जान लेने के बाद पति ने भी आत्महत्या कर ली। घटना जिले के खुमानपुरा गांव की है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार यहां शराब के नशे में एक व्यक्ति ने हंसिये से पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में खुद जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

रिपोर्ट के अनुसार पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि घटना कैलारस थाना क्षेत्र खुमानपुरा गांव में



बुधवार को हुई। कैलारस थाना प्रभारी संतोष बाबू गौतम ने बताया कि लीलहर का पुरा गांव का निवासी रामविलाश कुशवाहा (55) और उसकी पत्नी सरोज (50) खुमानपुरा गांव में एक व्यक्ति की जमीन पर बटाई पर खेती करते थे तथा खेत में ही रहते थे।

बुधवार रात करीब दो बजे रामविलास शराब पीकर खेत पहुंचा और उसका सरोज से झगड़ा हुआ।

## भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ा दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिसिल ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। साथ ही, रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि घरेलू खपत में सुधार से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने एक नोट में कहा, हमें उम्मीद है कि घरेलू खपत को लेकर मांग में सुधार होगा।

## नक्सलियों ने लूटा 5000 किलो बारूद, छत्तीसगढ़ में अलर्ट

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों ने 5000 किलोग्राम बारूद लोड वैन को लूट लिया है। इसमें 25-25 किलो के 200

### 25-25 किलो के पैकेट थे

इससे 200 SUV या 100 बख्तरबंद गाड़ियां उड़ाई जा सकती हैं

पैकेट विस्फोटक थे। पत्थर खदान में लूटने के लिए 20-30 की संख्या में नक्सली पहुंचे थे। मंगलवार



शाम की इस घटना के बाद से छत्तीसगढ़ में अलर्ट जारी है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर प्रतिमा अनावरण समारोह

## -नई पीढ़ी में आदर्शों का हो संचार - भजनलाल शर्मा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मेवाड़ शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की भूमि है। मेवाड़ की धरा स्वाभिमान और शौर्य की एक अमिट मिसाल है। इस भूमि पर आकर अत्यंत गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे लिए प्रेरणापुंज है, जिन्होंने सदैव सत्य, धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलना सिखाया है। नई पीढ़ी में ऐसे आदर्शों एवं संस्कारों का संचार होना चाहिए।

शर्मा गुरूवार को चित्तौड़गढ़ के भूपालसागर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की इस गौरवशाली धरा की महान विभूतियों वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, अद्वितीय बलिदान की प्रतिमूर्ति मां पन्नाधाय और वीर योद्धा राणा पूंजा की प्रतिमाओं के अनावरण का यह अवसर आज के दिन को स्वर्णाक्षरों में अंकित करता है।

मुख्यमंत्री ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप पराक्रमी एवं स्वाभिमानी थे तथा उन्होंने कभी किसी की अधीनता स्वीकार नहीं की। उनका नाम सुनते ही धमनियों में शौर्य और पराक्रम का रक्त प्रवाहित होने लगता है, मस्तक गर्व और स्वाभिमान से ऊंचा हो उठता है।

**महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित कर रही राज्य सरकार—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया में पहुंचाने के लिए महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर एवं उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित कर रही है ताकि पर्यटक महाराणा प्रताप की शूरवीरता की गाथा अपने साथ लेकर जाए। साथ ही हमारी सरकार प्रदेश में कोच और खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना कर रही है।

**मेवाड़ ने त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से इतिहास को गौरवशाली बनाया—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेवाड़ की धरा महाराणा प्रताप के साथ ही मां पन्नाधाय एवं राणा पूंजा की धरती है, जिन्होंने दुनिया को कर्तव्यनिष्ठा, शौर्य और अनूठे बलिदान का परिचय दिया। आज का यह दिन भी हमें त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से हमारी सभ्यता को गौरवशाली बनाने वाले वीरों की याद दिलाता है।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश राष्ट्र भक्ति की नई ऊर्जा से सराबोर—**

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और कुशल नेतृत्व में देश राष्ट्रीय गौरव के नए शिखर को छू रहा है। हर वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा स्थापित होने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत को हर क्षेत्र में नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री की संकल्पशक्ति, अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पूरी दुनिया ने देखा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नए भारत की सैन्य ताकत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश का हर व्यक्ति नई ऊर्जा और नए जज्बे के साथ राष्ट्र भक्ति से सराबोर है और प्रधानमंत्री ने की वीर-वीरांगनाओं की हमारी धरती पर पहली जनसभा की।

# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मिला होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान

## -विरासत संरक्षण और डिजिटल पर्यटन को लेकर हुई अहम बातचीत



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में पर्यटन और विरासत संरक्षण को लेकर गंभीर प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी से भेंट की। फेडरेशन अध्यक्ष हुसैन खान और वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह के नेतृत्व में हुई इस मुलाकात को सकारात्मक और सार्थक बताया गया है।

बैठक में तीन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई और सहमति बनी, जिनका लक्ष्य पर्यटन उद्योग को सशक्त बनाना और राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना है।

**विरासत भवनों के संरक्षण के लिए विशेष अनुदान योजना**

बैठक में यह चिंता जताई गई कि राजस्थान की ऐतिहासिक हवेलियां और महल तेजी से व्यावसायिक गतिविधियों की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इस पर मंत्री दीया कुमारी ने सहमति जताई कि एक विशेष "विरासत पुनरुद्धार अनुदान योजना" की आवश्यकता है। इस योजना के तहत भवनों को उनके मूल स्वरूप में पुनर्जीवित करने हेतु प्रारंभिक तौर पर ₹200 करोड़ के फंड की मांग राजस्थान सरकार से की जाएगी। योजना को ब्रिटेन मॉडल के आधार पर तैयार करने का सुझाव दिया गया है।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर पर्यटन प्रचार को प्राथमिकता**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पारंपरिक माध्यमों जैसे प्रिंट मीडिया और होर्डिंग्स की बजाय अब डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर पर्यटन प्रचार पर जोर दिया जाएगा। MakeMyTrip, Booking.com, Agoda जैसी प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों के साथ MoU करने की योजना पर सहमति बनी है।

**राष्ट्रीय ट्रैवल मार्ट्स में भागीदारी और कोटा ट्रैवलमार्ट 2025**

दीया कुमारी ने घोषणा की कि राजस्थान राज्य भविष्य में TTF और OTM जैसे राष्ट्रीय ट्रैवल मार्ट्स में पार्टनर स्टेट या मुख्य प्रायोजक के रूप में भाग लेगा। इसके अलावा उन्होंने कोटा ट्रैवलमार्ट 2025 के आयोजन को स्वीकृति देते हुए आवश्यक सरकारी अनुदान देने का आश्वासन भी दिया। बैठक में फेडरेशन के कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण अवतार और मनीष शर्मा भी मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक व सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक थे स्वामी विवेकानंद - देवनानी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में उदयपुर के झाड़ोल में विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता गुणवंत सिंह झाला ने की।

अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद पार्क में फीता काटकर ओपन जिम उद्घाटन किया और विवेकानंद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत माता के सपूत, युगपुरुष और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। वे न केवल भारत के बल्कि समस्त विश्व के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक थे। उनका जीवन, उनके विचार और उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उन्होंने विश्व को भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति, वेदांत और मानवता के मूल सिद्धांतों से परिचित कराया। उनकी प्रतिमा के अनावरण का यह अवसर उनके योगदान को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का अवसर है।

देवनानी ने वर्ष 1893 में शिकागो धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि तब उन्होंने अपने विचारों से भारत का मस्तक ऊँचा किया। साथ ही यह भी सिद्ध कर दिया कि भारत केवल आध्यात्मिकता का ही नहीं बल्कि ज्ञान, विज्ञान और नैतिक मूल्यों का भी अगुआ है। 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' से शुरू हुआ उनका भाषण आज भी हर भारतीय के हृदय में जोश भर देता है।

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और कर्मशील बनने की प्रेरणा दी। उनका कहना था—"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।" आज हम सभी को उनके इन शब्दों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

# राज्य सरकार मनाएगी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

## -महिला शक्ति को मिलेगी कई सौगातें



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में महिला सशक्तीकरण को समर्पित कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस अवसर पर 31 मई को आर.आई.सी. ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया, जिससे भगवान शिव के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों की पुनर्स्थापना हुई।

उनके द्वारा महिला शिक्षा और महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार भी आधी आबादी को सशक्त करने के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 150 कालिका यूनिट को हरी झण्डी दिखाई जाएगी।

इसके बाद लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 32 हजार 755 बालिकाओं को प्रत्यक्ष राशि हस्तान्तरित की जाएगी। वहीं, 16 हजार 944 बालिकाओं को एसटी प्री मैट्रिक, 152 बालिकाओं को सफाई कामगार प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति तथा बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना के तहत 30 हजार छात्राओं को फीस पुनर्भरण राशि का हस्तांतरण किया जाएगा।

इसी प्रकार बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना में राशि हस्तांतरण व लखपति दीदी ऋण योजना में 1800 लाभार्थियों को ऋण वितरण भी किया जाएगा। 6 हजार 489 बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 2 हजार छात्राओं को स्कूटी वितरित की जाएगी।

कार्यक्रम में गर्भ की पाठशाला योजना, स्वस्थ नारी चेतना अभियान, गर्भावधि मधुमेह के प्रबंधन कार्यक्रम के प्रथम चरण में 10 जिलों में सुविधाओं का शुभारम्भ किया जाएगा।

साथ ही, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर डिजिटल कॉफी बुक का विमोचन भी किया जाएगा। वहीं, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में 4 कस्तूरबा गांधी बालिका शिक्षा विद्यालय, 2 जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास सहित अन्य सिविल कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी होगा।

# उदयपुर संभाग की ली विभागीय समीक्षा बैठक

## - चित्तौड़गढ़ जिले के सुंदरी गांव में जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत बुधवार को उदयपुर संभाग के दौरे पर रहे। जहां पर उन्होंने चित्तोडगढ़ जिले के गंगरार तहसील के सुदरी गांव में जल जीवन मिशन कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामवासियों से संवाद किया। ग्रामवासियों के साथ चर्चा में योजना के लाभ बतलाते हुए, योजना के संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी निभाए जाने के मुद्दों को रखा गया। इसके साथ ही गंगरार मुख्यालय पर जिला कलक्टर की अनुशंषा से ग्रीष्म संवर्धन मद में स्वीकृत कार्य का भी निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला कलक्टर उदयपुर कार्यालय के सभागार में विभाग के उदयपुर एवं बांसवाडा संभाग के विभागीय अधिकारीयों की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें ग्रीष्म संवर्धन कार्यों, बजट घोषणाओं, जल जीवन मिशन, वृहद परियोजनाओं, अवैध जल संबंध नियमित करने, राजस्थान सम्पर्क पर प्राप्त परिवादों का निस्तारण समय पर करने, जल परिवहन इत्यादि बिन्दओं पर जिलेवार समीक्षा की गयी एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म संवर्धन के लगभग 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिये गये है एवं शेष 3 प्रतिशत कार्यों को आगामी 10 दिवस में एवं बजट घोषणा के तहत सोलर पनघट स्थापना के शेष कार्य 15 दिवस में पूर्ण किया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में जहां कही पेयजल परिवहन की आवश्यकता हो नियमानुसार पेयजल परिवहन कार्य कराकर आम जन को सुचारू पेयजल आपूर्ति बनाये रखे। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पर प्राप्त परिवादों का गुणवत्ता पूर्णक त्वरित निस्तारण करने, अवैध जल संबंधों को नियमित करने की कार्यवाही में गति बढाने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की सघन समीक्षा कर शीघ्र पूर्ण कराने के लिए सभी अधीक्षण अभियन्ताओं को निर्देश दिये। सावंत ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आगामी 5 जून से 20 जून तक चलाये जाने वाले मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के दौरान विभागीय जल स्त्रोतों एवं जलाशयों की नियमानुसार सफाई प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए साथ ही जल संरक्षण एवं जल बचत के कार्यों हेतु आवश्यक चिन्हीकरण कर अभियान की अवधि में कार्यवाही की जाए। इस दौरान किए गए कार्यों का मीडिया में समुचित प्रसार प्रचार किया जाए।उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं के संचालन एवं संधारण की अवधि समाप्त होने वाली है उनकी स्वीकृति हेतु तत्काल प्रभाव से प्रस्ताव तैयार किए जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य अभियन्ता परियोजना, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, उदयपुर, बांसवाड़ा व परियोजना बांसवाड़ा व संभाग के सभी अधीक्षण अभियन्ता सहित उदयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित अधिशाषी अभियंता एवं वरिष्ठ रसायनज्ञ उपस्थित रहे। मुख्यालय से विडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से मुख्य अभियन्ताओं ने भी बैठक में भाग लिया।

# रबी के सीजन में किया बिजली का समुचित प्रबंधन

## -गर्मी में भी नहीं आने देंगे कोई कमी -ऊर्जा मंत्री



जयपुर, 2(रॉयल पत्रिका)। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने रबी के सीजन में समुचित प्रबंधन कर प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं आने दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गर्मी के इस मौसम में भी उत्पादन, प्रसारण, वितरण सहित सभी विद्त निगमों के अधिकारी पूर्ण समन्वय के साथ कार्य कर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

नागर गुरूवार को विद्त भवन में ऊर्जा विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस, स्मार्ट मीटरिंग, पीएम-कुसुम मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं में गति को बढ़ाएं। जहां अधिक विद्त छीजत हो, वहां विद्त तंत्र को सुदृढ़ करने, फीडर पृथक्कीकरण के साथ ही सतर्कता अभियान चलाकर बिजली चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ एमओयू किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन एमओयू को चरणबद्ध रूप से यथाशीघ्र क्रियान्वित किया जाए ताकि प्रदेश की भावी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके।

नागर ने इस दौरान राज्य सरकार द्वारा बजट में घोषित ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जीएसएस निर्माण में भूमि चयन सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं जल्द पूरी कर कार्यों की गति और बढ़ाएं ताकि प्रदेश में प्रसारण तंत्र को और मजबूत किया जा सके।

बैठक के दौरान ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध निदेशक ओम कसेरा ने बताया कि राज्य में पावर सप्लाई की व्यवस्था सामान्य है। मई और जून माह में हीटवेव की चेतावनी को देखते हुए विद्त मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त इंतजाम पहले से ही कर लिए गए हैं। विद्त की पर्याप्त उपलब्धता के कारण कहीं कोई कटौती नहीं की जा रही है।

प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि प्रभावी मॉनीटरिंग के माध्यम से ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण कार्यों को मिशन मोड पर पूरा किया जा रहा है। बीते करीब डेढ़ साल में प्रदेश में 400 केवी, 220 केवी तथा 132 केवी के कुल 30 ग्रिड सब स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 133 ग्रिड सब स्टेशनों के काम मौके पर चल रहे हैं। जिन्हें निर्धारित समयावधि में पूरा किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

उत्पादन निगम के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी ने बताया कि 11 विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ अक्षय ऊर्जा एवं तापीय ऊर्जा की परियोजनाओं के लिए एमओयू किए गए हैं। जिनमें से एनटीपीसी, कोल इंडिया तथा एनएलसी के साथ परियोजनाओं पर संयुक्त उद्यम समझौते निष्पादित किए जा चुके हैं तथा कंपनी गठन का कार्य प्रगति पर है। एनजीईएल के साथ एनटीपीसी राजस्थान ग्रीन एनर्जी लिमिटेड कंपनी का गठन किया जा चुका है। यह कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में 25 गीगावाट क्षमता की स्थापना के लिए 1 लाख करोड़ का निवेश करेगी। जोधपुर एवं अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में जुड़े।

# संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर सर्किट हाउस में की जनसुनवाई



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही जनकल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि जनता तथा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सुशासन से परिपूर्ण राज-काज का आदर्श प्रस्तुत करें। इसके लिए विभागीय स्तर पर जन समस्याओं के निस्तारण के लिए पहल करें ताकि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्रातिशीघ्र किया जाए। आमजन को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े।

पटेल ने कहा कि बुनियादी लोक सेवाओं तथा जन सुविधाओं की नियमित एवं निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों का सर्वोपरि दायित्व है,जिसे संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करना चाहिए ताकि सुशासन के संकल्प को साकार किया जा सके। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना तथा इनके बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उनके संतोषपूर्ण एवं त्वरित समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जनसुनवाई में पंचायतीराज,राजस्व, डिस्कॉम,चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, जोधपुर विकास प्राधिकरण और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों पर सुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | | पानी के लिए | |
|---|---|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हैरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# हिन्दुस्तान जिंक ने मेन्सट्रुअल हाइजीन डे पर बालक एवं बालिकाओं को किया जागरूक



उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मेन्सट्रुअल हाइजीन डे यानि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर, हिन्दस्तान जिंक द्वारा अपनी परिचालन इकाईयों के आस पास के क्षेत्र में यह दिन मनाकर बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कंपनी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न राजकीय विद्यालयों में व्यापक अभियान और जागरूकता सत्र आयोजित किए।

हिन्दस्तान जिंक के स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के तहत ममता मेन्सटूअल हाइनजीन मैनेजमेंट के सहयोग से उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौडगढ़ के चंदेरिया और भीलवाड़ा के आगुचा में शिक्षा संबल के अतंर्गत 8 राजकीय विद्यालयों में 582 बालक एवं बालिकाओं को सत्रों के माध्यम से जागरूक किया। इस वर्ष की थीम टूगेदर फॉर ए पीरियड फ्रेण्डली वर्ल्ड के अनुरूप किशोरियों के बीच जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। सत्र में प्रतिभागियों के मौजूदा ज्ञान का आकलन करने के लिए एक पूर्व-परीक्षण हुआ। महिला डॉक्टर ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन एप्रन का उपयोग कर जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसमें मासिक धर्म की जैविक प्रक्रिया, मासिक धर्म चक्र और आवश्यक स्वच्छता प्रथाओं के बारे में बताया गया।

आम धारणाओं और गलत सोच को दूर करने के लिए, एक त्वरित मिथक-विरोधी सत्र आयोजित किया गया और बालिकाओं को सत्र में अधिक शामिल करने के लिए कार्ड टूल का उपयोग किया गया। विशेष रूप से डिजाइन किए गए एमएचएम थीम वाले सांप और सीढ़ी मैट का उपयोग कर रूचिकर और इंटरैक्टिव फ्लोर गेम के माध्यम से महत्वपूर्ण स्वच्छता संदेशों को आकर्षक तरीके से व्यक्त किया। सत्र में एनीमिया के लक्षण और रोकथाम को भी शामिल किया गया, जिसमें थकान और पीली त्वचा जैसे लक्षणों की पहचान करने के लिए मार्गदर्शन, एनीमिया चार्ट और आहार युक्तियों द्वारा समर्थित है। इसके अतिरिक्त, मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में सूचित विकल्प बनाने में मदद करने के लिए सैनिटरी पैड, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और डिस्पोजेबल पीरियड पैंटी सहित एमएचएम के विभिन्न सुरक्षित तरीके प्रदर्शित किए गए।

# शक़ील अहमद नागौरी दूसरी बार बने कांग्रेस कमेटी बाजार मंडल अध्यक्ष

## -कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष व आभार

पाली, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के निर्देशानुसार राजस्थान में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के क्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा ने आज पाली जिले के सभी विधानसभा ब्लॉक में मंडल अध्यक्षक्षो की नियुक्ति की जिसमें पाली विधानसभा क्षेत्र संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाजार मंडल अध्यक्ष पद पर शक़ील अहमद नागौरी को पुनः मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस बाजार मंडल के प्रवक्ता यासीन शबावत ने जानकारी देते हुए बताया की बाजार मंडल क्षेत्र के अध्यक्ष शक़ील अहमद नागौरी के पिछले कार्यकाल में बाजार मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार सक्रिय भागीदारी निभाने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नए और युवा कार्यकर्ताओं को जोड़ने के साथ विभिन्न जन समस्याओं के मुद्दों को पूरी शक्ति के साथ उठाकर समस्याओं के निवारण में आमजन को राहत दिलाने पर कांग्रेस हाईकमान ने नागौरी को पुनः बाजार मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने पर पाली शहर कांग्रेस बाजार मंडल क्षेत्र के मोहम्मद यूसुफ मोयल, मोहम्मद यासीन रॉयल,शेर मोहम्मद कुरेशी, पूर्व पार्षद फकीर मोहम्मद सिन्धी, आमीन अली रंगरेज, हाजी इंसाफ मोयल, मांगूसिंह दुदावत, रईस अली रँगरेज, जिला प्रवक्ता रफ़ीक चौहान, महेश परिहार, ओमप्रकाश रांकावत, रमेश परिहार, असगर कुरेशी, राजेश बलाई, मुनाजिर अली, रजा अली, जमाल खान घोसी, मोहम्मद सत्तार पठान, कमरुद्दीन पठान,निखिल बारिया, सरवन कंसारा, हाजी अनवर अली सिरोहा, गोपाल शर्मा, फारूक रंगीला, मूलचंद राठौड़, यासीन शबावत, मोइन नागौरी, अयूब अली रंगरेज,भावेश मेवाड़ा, तुलसीदास गरीब सहित बाजार मंडल क्षेत्र समस्त पार्षदगण



कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकाअर्जुन खड़गे, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सह प्रभारी ऋत्विक मकवाना, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश सचिव ललित तूनवाल, पाली विधानसभा प्रभारी हिमपाल सिंह देवल, जिला अध्यक्ष अजीज दर्द, विधायक भीमराज भाटी, शहर अध्यक्ष जीवराज बोराणा, प्रदेश प्रतिनिधि महावीर सिंह राजपुरोहित का आभार जताया ।

# बांझ आमली कंजर्वेशन रिज़र्व में 120 बीघा वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया



**शब्बीर हुसैन**

बारां,(रॉयल पत्रिका)। वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जारी अभियान के तहत जिले के बांझ आमली वनखण्ड में बड़ी कार्रवाई की गई है। उप वन संरक्षक अनिल यादव के नेतृत्व में तथा सहायक वन संरक्षक डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में किशनगंज, केलवाड़ा एवं शाहाबाद रेंज की संयुक्त टीम द्वारा करीब 120 बीघा वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया।

यह क्षेत्र बांझ आमली कंजर्वेशन रिज़र्व का हिस्सा है, जिसे जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। वन विभाग के अनुसार, यह अतिक्रमण मुख्य रूप से भूमाफिया सौभागमल पारेता द्वारा किया गया था, जो लंबे समय से वन भूमि पर अवैध कब्जा किए हुए था।

कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बंदोबस्त और प्रशासनिक सतर्कता के बीच अवैध निर्माण एवं खेती को हटाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाइयाँ निरंतर जारी रहेंगी।

# ग्राम पंचायत भूनावाली ढ़ाणी में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम

## - ग्राम पंचायत को 'नशा मुक्त' घोषित करने की कार्यवाही प्रारंभ



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओ.पी. बिश्नोई द्वारा ग्राम पंचायत भूनावाली ढ़ाणी में रात्रि चौपाल का आयोजन कर विकास कार्यों की समीक्षा एवं जनसुनवाई की गई। कार्यक्रम के दौरान बिश्नोई ने स्थानीय विद्यालय का निरीक्षण कर खेल मैदान के विकास, शौचालय निर्माण एवं ओपन जिम की स्थापना के निर्देश दिए। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत विकसित की जा रही पंचायत पौधशाला तथा गत वर्ष लगाए गए पौधों का निरीक्षण कर देखभाल को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग उठाई गई, जिस पर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को समयबद्ध जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को वर्षा जल संग्रहण अपनाने के लिए प्रेरित किया। एक विशेष प्रस्ताव में ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में मेडिकेटेड व 'चिट्टा' जैसे नशीले पदार्थों का उपयोग नहीं हो रहा है। इस पर पंचायत प्रशासक श्रीमती माडी देवी द्वारा ग्राम पंचायत को नशा मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकारते हुए सीईओ बिश्नोई ने पंचायत को मेडिकेटेड व चिट्टा नशा मुक्त घोषित करने हेतु प्रशासनिक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पंचायत समिति हनुमानगढ़ विकास अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जलदाय, विद्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सरपंच, पंचायत अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को सिखाए मानसिक तनाव मुक्त रहने के गुर

## - फिजिक्स वाला ने किया जागरूकता को लेकर करियर मोटिवेशन कार्यक्रम



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। आईआईटी-जेईई और नीट की परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ और सबल बनाने, भयमुक्त बोझ मुक्त वातावरण देने के उद्देश्य को लेकर शंकर नगर स्थित फिजिक्स वाला विद्यापीठ ने गुरुवार को सिटी कैम्पस में मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पधारे गुड डे डिफेन्स सैनिक स्कूल के निदेशक दिनेश जुनेजा ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि नीट और आईआईटी-जेईई में सफलता का मूल मंत्र है सही रणनीति, निरंतर अभ्यास और सटीक मार्गदर्शन। उन्होंने कहा कि किसी दौड़ के लिए दौड़ना जरूरी नहीं है, छोटे-छोटे कदम इंपॉर्टेंट हैं, क्योंकि छोटे-छोटे कदमों से ही दौड़ पूरी हो जाती है, इसी तरह छोटे-छोटे स्टेप से हम भी अपने जीवन में बड़े बदलाव और अचीवमेंट्स हासिल कर सकते हैं। इसलिए आप अपनी तैयारी पर ध्यान दें और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। सीनियर फिजिक्स टीचर नवीन उपाध्याय ने विद्यार्थियों से कहा कि अपनी तैयारी में लगातार रहें, समय का सदुपयोग करें, और अपनी कमजोरियों पर ध्यान दें। साथ ही, सकारात्मक रहें और तनाव को कम करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली का पालन करें। अरुण अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि तनाव दो प्रकार के होते है एक सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक तनाव। कहा कि सकारात्मक तनाव हमारे जीवन के सभी कार्यों को समय से पूर्ण करने के लिए हमें प्रेरित करता है, जबकि नकारात्मक तनाव हमें विपरीत परिस्थितियों में ले जाता है। इसलिए बच्चों को हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए और अनावश्यक बातों को मन से दूर रख व्यवस्थित रुप से पढ़ना चाहिए। भारतेन्द सैनी ने कहा कि पिछली असफलताओं पर ध्यान न दें। उन्हें मूल्यवान सीखने के अनुभव के रूप में देखें । विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ, अपने दृष्टिकोण को समायोजित करें, और नए ज्ञान के साथ आगे बढ़ें। अनिल जान्द ने कहा कि अपनी प्रगति पर नज़र रखें, चाहे वह कितनी भी छोटी क्यों न हो। अपनी उपलब्धियों को स्वीकार करें और उनका जश्न मनाएँ, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों, ताकि आत्मविश्वास और गति बनी रहे। इस अवसर पर दीपक कुमार, प्रिंस गर्ग, संदीप कौर, सारिका चौधरी,अनिल जान्द,चंद्रपाल, सुनील कुमार, साहिल अरोड़ा, मैथ्स टीचर नरेन्द्र पाटीदार, बॉटनी टीचर इशफाक अहमद पाला, केमेस्ट्री टीचर अरविन्द कुमार पांडे, जूलॉजी टीचर हरिओम गोस्वामी सहित फिजिक्स वाला स्टाफ मौजूद रहा।

# मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

## - 5 जून तक सभी व्यवस्थाए पूरी करने के आदेश



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर काना राम की अध्यक्षता में अहम समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष मानसून सामान्य से बेहतर रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 106 फीसदी वर्षा होने का अनुमान है। ऐसे में पूरी सतर्कता और सजगता से पूर्व तैयारिया करनी होगी। खासतौर पर घग्घर नदी में संभावित अधिक जल आवक को ध्यान में रखते हुए तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या वाले स्थानों की सूची बनाकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2023 में घग्घर में बाढ़ की आशंका के बावजूद बेहतरीन प्रबंधन किया गया था। इस बार भी इससे बेहतर तैयारी अपेक्षित है। उन्होंने घग्घर के पटड़ों का निरीक्षण कर जहां ज़रूरी हो वहां उन्हें पक्का करवाने, झाड़ियाँ हटवाने तथा आवश्यकता अनुसार ग्रेवल सड़कें स्वीकृत कराने को कहा। 5 जून तक अवैध व अस्थायी बंधों को हटाने का निर्देश देते हुए एसडीएम को अधिकारियों को निगरानी कार्य सौंपने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए, सूचना तंत्र मजबूत रखे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व निवासियों से संवाद बनाए रखें और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। बाढ़ नियंत्रण हेतु बालू भरे कट्टे समय पर तैयार रखें और डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान को अपडेट किया जाए।

आपदा से निपटने हेतु जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, चिकित्सा एवं सिविल डिफेंस विभागों को 5 जून तक भारत सरकार के पोर्टल पर अपने संसाधन अपडेट करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, घग्घर नदी व जीडीसी आदि जल स्रोतों की निगरानी बढ़ाने तथा संभावित डूबने की घटनाओं से बचाव के लिए तैराकों को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया गया। डिस्कॉम को भी 15 जून तक संभावित अंधड़, बारिश व तेज हवाओं से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से जलभराव प्रभावित इलाकों में 10 जून तक नालों की सफाई पूरी करवाने के निर्देश एसडीएम को दिए गए। अधिकारी टीम बनाकर समयबद्ध निरीक्षण करें। जिला कलेक्टर ने जर्जर व क्षतिग्रस्त भवनों का 5 जून तक आंकलन कर रेड मार्किंग करने और निजी जर्जर भवनों को लेकर नोटिस जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इस मानसून में किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं होनी चाहिए।

# नाहरगढ़ वन क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई

## -फरार जेसीबी मशीन को मध्यप्रदेश से किया गया बरामद



बारां, (रॉयल पत्रिका)। वन विभाग द्वारा मंगलवार को वनभूमि वनखंड पचलावड़ा में अवैध खनन करते हुए पकड़ी गई जेसीबी मशीन को जब्त कर रेंज कार्यालय नाहरगढ़ लाया जा रहा था, उसी दौरान रास्ते में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया। बंदा मोड़ के पास महिंद्रा बोलेरो गाड़ी से रास्ता रोककर गजराज गुर्जर पुत्र मदनलाल निवासी मोयदा व उसके पांच साथियों ने विभागीय कर्मचारियों के साथ हाथापाई कर जब्त की गई जेसीबी मशीन को जबरन छुड़ा लिया और फरार हो गए। इस गंभीर घटना के बाद वन विभाग व पुलिस विभाग हरकत में आया और एक संयुक्त दल गठित किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी नाहरगढ़ हरिराम एवं थाना अधिकारी नाहरगढ़ के नेतृत्व में गठित इस दल ने 29 मई 2025 को दोपहर 2:00 बजे राजस्थान-मध्यप्रदेश की सीमा से सटे ग्राम गणेशपुरा (म.प्र.) में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान फरार जेसीबी मशीन को बरामद कर रेंज कार्यालय नाहरगढ़ में सुरक्षित खड़ा करवा दिया गया है। आरोपितों के विरुद्ध राजस्थान वन अधिनियम के अंतर्गत सख्त कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। संयुक्त कार्रवाई में थानाधिकारी धर्मपाल यादव, एएसआई राजेन्द्र कुमार, नाका प्रभारी पुरषोत्तम शर्मा, नाहरगढ़, वनरक्षक सुरेन्द्र सिंह जाट, वनरक्षक, रविन्द्र कुमार, मदन लाल गड़वाल, रामभरोस सहरिया, राकेश, चतर खां, कांस्टेबल रविन्द्र शर्मा, एवं कांस्टेबल आसूराम, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण और जीव प्रेमियों का दुर्घटना में देहांत एक अपूरणीय क्षति : सीओ सांई

## - स्मृति में संस्था ने किया 30 पौधों का रोपण



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के रेगिस्तानी भूभाग जैसलमेर में गोडावण व हिरणों और अन्य वन्यजीवों की रक्षा को जीवन का धर्म मानने वाले पर्यावरण और वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम पेमाणी धोलिया, श्याम प्रसाद बिश्नोई, कंवराज सिंह भादरिया भाटी, वनरक्षक सुरेन्द्र चौधरी के वन्य जीवों की रक्षा के दौरान सड़क हादसे में निधन पश्चात आज गुरुवार को जिला मुख्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृति में पौधारोपण किया गया। मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट-जिला परिषद् चौराहे से जोड़किया फाटक रोड़ पर सिविल लाइन्स में एफ ब्लॉक पार्क के नजदीक और डिवाइडर के मध्य एससी-एसटी सेल सीओ रणवीर साईं, एस आई रचना बिश्नोई, राष्ट्रीय तेजवीर सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल जान्द, समिति अध्यक्ष लाधू सिंह भाटी के द्वारा टी गार्ड सहित 30 पौधों का रोपण किया गया। दिवंगत वन्य जीव प्रेमियों की आत्मिक शांति हेतु दो मिनट के मौन पश्चात एससी-एसटी सेल सीओ रणवीर साईं ने कहा कि पोकरण लाठी के इन वन्य जीव प्रेमियों का सड़क दुर्घटना में देहांत होना एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के गोडावण संरक्षण में अग्रणी कार्यकर्ताओं में इनको गिना जाता रहा है । इन्होंने 2018 से अब तक रेगिस्तानी जीवों के संरक्षण को लेकर 50 से अधिक जल संरचनाएं बनवाई। घायल जानवरों का इलाज किया।गिद्ध, चिंकारा, नीलगाय, लोमड़ी जैसे जीवों को पुनर्जीवित किया। शिकारियों के खिलाफ कई बार पुलिस और वन विभाग को सहयोग दिया। इन जैसे पर्यावरण और वन्य जीव प्रेमियों को राज्य के प्रत्येक जिले में होना चाहिए। इन महान आत्माओं को शत-शत नमन। एस आई रचना बिश्नोई ने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्य साधुवाद के पात्र है। जिन्होंने उन महान व्यक्तित्व की आत्माओं को हनुमानगढ़ की धरा पर स्मरण किया। उन दिवंगत आत्माओं का सपना था कि "रेगिस्तान की हर साँस लेने वाली आत्मा सुरक्षित रहे।" बिश्नोई समुदाय में जन्मे राधेश्याम बचपन से ही वन्य जीवों के लिए संवेदनशील थे। जैसलमेर के ग्रामीण क्षेत्र में रहते हुए उन्होंने आधुनिक प्रशिक्षण लेकर स्वयं को "वन्यजीव रक्षक" के रूप में विकसित किया। उन्होंने न केवल खुद काम किया, बल्कि कई युवाओं को भी इस कार्य से जोड़ा। राष्ट्रीय तेजवीर सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल जान्द और समिति अध्यक्ष लाधू सिंह भाटी ने कहा कि जिला मुख्यालय पर लगाए गए ये 30 पौधे जब तक वटवृक्ष बनेंगे उन दिवंगत आत्माओं की स्मृति हनुमानगढ़ के पर्यावरण में घुल कर हमे पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरित करती रहेंगी। आज वन्यजीव संरक्षण आंदोलन के एक स्तंभ को एक भारी क्षति हुई है। गोडावण के आकाश में एक सन्नाटा गूंज रहा है। इस अवसर पर लोकराज शर्मा, नरेश सिहाग मुंसरी, सदर थाना पुलिसकर्मी सुभाष मांझू, सुरेंद्र सिंह सैनी, विपिन शर्मा, सुरेश महला, पृथ्वी सिंह गोदारा, राजा राम बिश्नोई, रमेश शाक्य, अजय कुमार, सार्थक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप के जीवन से लें प्रेरणा और उनके आदर्शो पर चले- अविनाश गहलोत




पाली, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम पाली एवं महाराणा प्रताप जन्म स्थली विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाराणा प्रताप जन्म जयंती समारोह गुरूवार को धान मंडी में आयोजित की गयी।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सम्बोधित करते हुये कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के आदर्शा व उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिये भी हमे उनके जैसा त्याग, बलिदान, साहसी, पराक्रमी भूमिका में होना चाहिये ताकि देश के लिये हम काम आ सके।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि की रक्षा, स्वतन्त्रता के लिये जो त्याग व बलिदान दिया और स्वाभिमान की रक्षा के लिये जो किया वो अतुल्यनीय है। इससे हमे प्रेरणा लेने चाहिये उन्होंने कहा कि इसलिये उनका इतिहास में उच्च स्थान है।

इस अवसर पर समारोह को पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक पाली ज्ञानचन्द पारख, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, उपमहापौर ललित प्रीतमनानी, सुनील भंडारी ने भी सम्बोधित किया और महाराणा प्रताप के जीवन त्याग, बलिदान से प्रेरणा लेने का आहा्न किया साथ। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के साथ साथ देश पर हुये पहलगाम आंतकी हमले का जवाब भी आपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया है जिसमे हमारी सेनाओ ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। मंत्री गहलोत व आये हुये अतिथियों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इससे पहले आये हुये अतिथियों का स्वागत किया गया।

# छठी मंजिल से गिरने से मजदूर की दर्दनाक मौत, परिवार बेसहारा

## -ठेकेदार और भवन मालिक पर मामला दर्ज

जयपुर। राजधानी जयपुर के आदर्श नगर स्थित बीस दुकान इलाके में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें निर्माणाधीन इमारत की छठी मंजिल से गिरकर मजदूर जहीरुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन की मौत हो गई। मृतक जहीरुद्दीन अपने परिवार में अकेला कमाने वाला थे और उनके माता-पिता इस दुनिया में नहीं हैं। पीछे उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं, जिनके भविष्य और पालन-पोषण को लेकर अब परिवार गहरी चिंता में है। ठेकेदार और मकान मालिक की घोर लापरवाही ने एक मासूम परिवार को पूरी तरह से टूटने पर मजबूर कर दिया है। मृतक के भाई अजहरुद्दीन ने ठेकेदार विक्रम सिंह और भवन मालिक राजू पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मोती डूंगरी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। एफआईआर के अनुसार, जहीरुद्दीन मौजमाबाद से काम की तलाश में जयपुर आया था, उसे बिना सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट और सेफ्टी बेल्ट के काम करने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने सुरक्षा की मांग की, लेकिन दबाव में आकर काम शुरू किया। कुछ ही देर बाद वह छठी मंजिल से नीचे गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने तुरंत उसे एसएमएस अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मोती डूंगरी पुलिस ने BNS की धारा 106(1) (लापरवाही से मृत्यु) और 125 (सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत मामला दर्ज कर जांच ASI सतीश चंद को सौंपी है।

## फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी 7 सीरीज़ का भारत में हुआ लॉन्च

मुंबई, एजेंसी। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला



पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। रियलमी जीटी 7 सीरीज़ में अनेक अत्याधुनिक फीचर्स और परफॉर्मेंस अपग्रेड दिए गए हैं। यह भारतीय यूज़र्स के लिए फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव को परिभाषित करने की ओर रियलमी का अब तक का सबसे साहसी कदम है।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''रियलमी जीटी 7 सीरीज़ के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। यह केवल सर्वोच्च विशेषताओं के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के बारे में है, जिसमें आज के युवाओं की पसंद के अनुरूप जबरदस्त पॉवर, इंटैलिजेंस और क्राफ्ट्समैनशिप हो। एस्टन मार्टिन फॉर्मूला वन टीम के साथ मिलकर बनाए गए हमारे ड्रीम एडिशन से लेकर एआई प्लानर और आईस सेंस ग्रेफीन कूलिंग जैसे इनोवेशंस तक हमने हर पहलू में अपनी सीमाओं को बढ़ाया है। जीटी 7 सीरीज़ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम अनुभव पूरे जनसमूह तक पहुँचाने के हमारे सफर में एक साहसी कदम है, ताकि सभी लोग आसानी से शानदार परफॉर्मेंस प्राप्त कर सकें।'' अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा, ''जीटी 7 के लिए रियलमी के साथ हमारा सहयोग फ्लैगशिप इनोवेशन को भारतीय ग्राहकों तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। भारत में मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई के साथ पहले स्मार्टफोन के रूप में यह लॉन्च भारत पर केंद्रित हमारे दृष्टिकोण की एक बड़ी कामयाबी है।

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

खरगौन। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल द पार्क, इंदौर, मध्य प्रदेश में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, 125 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने भव्य पुरस्कार समारोह में



हिस्सा लिया, जहां विभिन्न बिज़नेस वर्टिकल्स से बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित किया गया।

भारतीय किसानों की ज़रूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइज़र लेकर आई है- 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'। ये दोनों प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के ज़रिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथ विकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाकर किसानों को बेहतर रिटर्न देता है। 'श्रीराम पिकासोल' फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं 'श्रीराम मैगनिका' फल के आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फ लाईफ बढ़ाता है।

# मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों के लिए आवंटित किए 150 करोड़ रुपये

**वर्ल्ड हंगर डे पर भारत और जाम्बिया में प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता, 2025-26 में 'हंगर फ्री वर्ल्ड' पहल के तहत कुल 2.50 करोड़ भोजन**

दिल्ली, एजेंसी। भारत के अग्रणी व्यापारिक समूह एवं मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मूल कंपनी मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. ये पहलें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख एवं गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वंचितों के लिए आवास पर केंद्रित हैं. समूह ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' के तहत भारत और जाम्बिया में वंचितों को प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता जताई है. इस तरह 2025-26 में में कुल 2.50 करोड़ भोजन बांटे जाएंगे. यह पिछले 3 सालों में बांटे गए 2.5 करोड़ भोजन की अब तक की पूरी उपलब्धि से एक बड़ी छलांग है. यह खाद्य सुरक्षा के लिए समूह की ठोस प्रतिबद्धता के बारे में भी बताता है. यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 2- जीरो हंगर के अनुरूप है.

नीति आयोग के पूर्व सीईओ एवं जी-20 शेरपा डॉ. अमिताभ कांत ने नई दिल्ली के जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 28 मई 2025 को




आयोजित एक कार्यक्रम में समूह के सीएसआर कार्यक्रमों के अगले चरण का शुभारंभ किया. 28 मई को ही वर्ल्ड हंगर डे मनाया जाता है. इस कार्यक्रम में मौजूद अन्य गणमान्य व्यक्तियों में मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद, मलाबार समूह के वाइस चेयरमैन के.पी. अब्दुल सलाम और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के भारतीय परिचालन के मैनेजिंग डायरेक्टर ओ. अशर शामिल थे. मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने इस पहल के बारे में कहा, ''मलाबार समूह में सीएसआर हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हम समाज को वापस देने में विश्वास करते हैं. हम 28 मई को अपने वार्षिक सीएसआर दिवस के रूप में समर्पित करते हैं. हम निरंतर और प्रभावशाली कदमों के माध्यम से वंचितों के साथ खड़े होने की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराते हैं. हमारी सीएसआर पहल उस स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं. हम अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं. अगर अन्य संगठन इस मिशन में शामिल हों तो इसका प्रभाव बढ़ सकता है. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 29.5 करोड़ लोग 'अक्यूट हंगर' से जूझ रहे हैं, इसलिए तत्काल कदम उठाना जरूरी है. यही जरूरत हमारी भोजन बांटने की पहल के लिए प्रेरणा का काम करती है. इसके साथ ही, भोजन वितरण के अलावा उत्पादन को बढ़ावा देने, रोजगार का सृजन करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि स्थायी बदलाव लाया जा सके.''

हंगर फ्री वर्ल्ड परियोजना के तहत अभी भारत और जाम्बिया में हर रोज 70 हजार भोजन के पैकेट बांटे जाते हैं. भारत में 20 राज्यों में फैले 167 केंद्रों के माध्यम से हर रोज 60 हजार से अधिक भोजन बांटे जाते हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. जाम्बिया में समूह जाम्बिया सरकार के साथ सहयोग करके तीन स्कूलों में 10 हजार छात्रों को प्रतिदिन भोजन प्रदान करता है. हंगर फ्री वर्ल्ड परियोजना आधुनिक सुविधाओं से लैस अत्याधुनिक रसोईघरों से संचालित होती है, जहां प्रशिक्षित रसोइया और स्वच्छता के प्रति जागरूक कर्मचारी काम करते हैं.

### सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने बैंगलुरू में 500 बैड्स के आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए

# टैंडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी



बैंगलुरू, एजेंसी भारत के पहले 100 फीसदी एफडीआई टर्शरी केयर अस्पताल सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नोर्थ बैंगलुरू में दूसरे आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए प्रीमियर हेल्थकेयर उपलब्ध कराने वाली ईपीसी कंपनी टैंडेम हेल्थकेयर के साथ हाथ मिलाया है। 6.8 लाख वर्गफीट में फैला 500 बैड्स का यह अस्पताल अपनी तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा, जहां गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकोनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू मरीज़ों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा।

रु 1000 करोड़ की यह ऐतिहासिक परियोजना, सेकोम मेडिकल सिस्टम एवं टोयोटा सुशो के सहयोग से जापानी इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से पावर्ड विश्वस्तरीय स्वास्थ्यसेवाएं उपलब्ध कराने के सकरा के मिशन में एक बड़ी उपलब्धि होगी। इस नई युनिट में ग्राउण्ड के अलावा 9 मंज़िलें होंगी, इंडो-जापानी आर्कीटेक्चर से बना इसका डिज़ाइन परम्परा और आधुनिकता का संयोजन होगा।

बैंगलुरू में इस विश्वस्तरीय अस्पताल के निर्माण के लिए टैंडेम हेल्थकेयर के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।' श्री युइची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने कहा। ''यह साझेदारी जापानी सटीकता एवं टैंडेम हेल्थकेयर की विशेषज्ञता के साथ चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं मरीज़ों की देखभाल में नए मानक स्थापित करेगी।'

आलोक शर्मा, संस्थापक एवं निदेशक, टैंडेम हेल्थकेयर ने कहा, ''टैंडेम का मानना है कि स्वास्थ्यसुविधाएं ऐसी होनी चाहिए जो केवल फंक्शनेलिटी के दायरे से बढ़कर भरोसे एवं उपचार को सुनिश्चित करें। सकरा के साथ यह साझेदारी न सिर्फ अस्पताल बल्कि ऐसी समग्र चिकित्सा प्रणाली के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ स्थायित्व एवं मरीज़ों के अनुकूल डिज़ाइन का संयोजन हो।''

''इस अत्याधुनिक अस्पताल के निर्माण एवं डिज़ाइन के लिए सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।'' आज़म खान, डायरेक्टर एवं सीईओ, टैंडेम हेल्थकेयर प्रा. लिमिटेड ने कहा। ''जापानी बगीचों से प्रेरित यह ग्रीन बायोफिलिक डिज़ाइन सस्टेनेबिलिटी, आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं मरीज़ों के अनुकूल सुविधाओं के साथ उपचार का अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। यह दृष्टिकोण मरीज़ों का तनाव कम कर उनके कल्याण को सुनिश्चित करेगा, जिससे उन्हें किसी भी उपचार प्रक्रिया के बाद जल्द ठीक होने में मदद मिलेगी। इस तरह मरीज़ स्वास्थ्यसेवाओं का बेजोड़ अनुभव पा सकेंगे।

## कैंटाबिल ने होशंगाबाद नर्मदापुरम में अपने नए फ़ैमिली वियर स्टोर का उद्घाटन किया

- **नए स्टोर में पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के कपड़ों के साथ.साथ एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज**

मुंबई, एजेंसी। भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एकए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने होशंगाबाद में अपना नया खुदरा स्टोर खोलने की घोषणा की है। 2542 वर्गफीट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर मीनाक्षी चौक नर्मदापुरम ;मध्य प्रदेशद्ध में एसबीआई बैंक के सामने स्थित हैए जो कैंटाबिल की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के कपड़ों के साथ.साथ एक्सेसरीज के लिए फॉर्मल.वियरए कैजुअल और पार्टी.वियर कपड़ों का व्यापक चयन प्रदान करने के लिए समर्पित कैंटाबिल ने खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। कैंटाबिल ने देश भर में 600 स्टोर खोलकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हैए जिससे फैशन उद्योग में एक अग्रणी कम्पनी के रूप में उसकी स्थिति मजबूत हुई है। इस रोमांचक लॉन्च पर टिप्पणी करते हुएए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक श्री दीपक बंसल ने उत्साहपूर्वक कहा. हम होशंगाबाद में अपना नया फैमिली वियर स्टोर शुरू करते हुए बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल ने मिड.प्रीमियम सेगमेंट में अपने ग्राहकों से अपार प्रशंसा प्राप्त की है। हमारा नया स्टोर पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के लिए फैशन.फॉरवर्ड परिधानों का ट्रेंडी संग्रह प्रदर्शित करेगा।

## यूवा ने पेश की दो नई स्टाइलिश पेंसिलें - रिट्ज़ और ड्रीमी

भोपाल। नवनीत एज्युकेशन के स्टेशनरी ब्रांड यूवा ने अपनी नई रंगीन पेंसिल रेंज - यूवा रिट्ज़ और यूवा ड्रीमी लॉन्च की है। पर्सनैलिटी, काम की उपयोगिता के अनुसार आसान डिज़ाइन और किफायती कीमत - इन तीनों को मिलाकर तैयार की गई यह सीरीज़ छात्रों, क्रिएटर्स और स्टाइल के साथ लिखने वालों के लिए एक नया पसंदीदा विकल्प बनने जा रही है। रोज़मर्रा के लेखन और ड्रॉइंग के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन की गई रिट्ज़ और ड्रीमी पेंसिलें अल्ट्रा-डार्क 2क्र लीड के साथ आती हैं, जो स्मूद और बोल्ड स्ट्रोक्स देती हैं। हर पैक में एक फ्री शार्पनर और इरेज़र शामिल है, जिससे यह एक कम्प्लीट स्टेशनरी सेट बन जाता है। प्रीमियम मेटैलिक फिनिश वाली पैकेजिंग और आरामदायक हेक्सागोनल ग्रिप के साथ ये पेंसिलें देखने में जितनी आकर्षक हैं, हाथ में पकड़ने पर उतनी ही शानदार लगती हैं – उपयोगिता और स्टाइल का यह परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। रिट्ज़ और ड्रीमी का हर पैक 10 पेंसिलों के साथ आता है, जो रचनात्मकता और व्यक्तिगत स्टाइल को दर्शाने के लिए खासतौर पर डिज़ाइन की गई हैं। रिट्ज़ में मैट ब्लैक फिनिश के साथ तीन अलग-अलग रंगीन पैटर्न दिए गए हैं, जो उन लोगों के लिए परफेक्ट हैं जिन्हें हल्के से बोल्ड लुक के साथ रंगों का तड़का पसंद है।

# लिम्का ने पार किया 2800 करोड़ रूपए का आंकड़ा कोका-कोला इंडिया की ग्रोथ को दी नयी रफ्तार

मुंबई, एजेंसी। ्कोका-कोला इंडिया के लोकप्रिय देशी पेयलिम्काने वर्ष 2024 में 2800 करोड़ रुपयेका आंकड़ा पार कर लिया है। भारतभर में दमदार प्रदर्शन के साथ इसनेलेमन-लाइम कैटेगरीको नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। लिम्का पिछलेपांच दशकोंसे गर्मियों में ताजगी का पर्याय बना हुआ है - इसके बादलों जैसे बुलबुले और अनोखेलाइम-एन-लेमनी स्वादने इसे हर उम्र के लोगों की पसंद बना दिया है।




1971 में शुरू हुई लिम्का ने कंपनी के स्पार्कलिंग पोर्टफोलियो को लगातार मजबूत किया है।शहरी और ग्रामीण, दोनों बाजारों में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। आज यह ब्रांडदिल्ली, पंजाब और हरियाणाजैसे प्रमुख राज्यों मेंदहाई अंकों की वृद्धिदर्ज कर रहा है और पारंपरिक व्यापार के साथ-साथनए खुदरा प्रारूपोंमें भी अपना हिस्सा बढ़ा रहा है।

लिम्का की इस स्थायी सफलता के पीछे इसकेरचनात्मक और आधुनिक ब्रांड अभियानहैं, जो इसकी विरासत को बनाए रखते हुए इसे आज के उपभोक्ताओं के बीच भी प्रासंगिक बनाए रखते हैं। वर्ष 2025 में लिम्का नेतृप्ति डिमरीके साथ नया कैम्पेन लॉन्च किया, जिसने ताजगी को एक नए अंदाज में पेश किया। यह अभियान उपभोक्ताओं को लिम्का के खास पलों कीनई ऊर्जा और ताजगीका दोबारा अनुभव करने के लिए प्रेरित करता है - जो एहसास सिर्फ लिम्का ही दे सकता है। डेवलपिंग मार्केट्स, कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया में फ्रैंचाइज़ ऑपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट विनय नायर ने कहा,हमारा उद्देश्य हमेशा से ऐसे ब्रांड बनाना रहा है जो सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी और उनकी साझा यादों का हिस्सा बनें।

## टेरा मोटर्स ने भारत में अपना नया इलेक्ट्रिक ऑटो क्योरो + लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। जापानी ओईएम कंपनी टेरा मोटर्स ने शहरी परिवहन की बढ़ती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए भारत में अपना नया इलेक्ट्रिक ऑटो क्योरो + लॉन्च किया है। द ललित, नई दिल्ली में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में उद्योग जगत के अग्रणी लोग और नीति निर्माता शामिल हुए, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला भी उपस्थित थे। यह ई-मोबिलिटी को लेकर देश में बढ़ती गति और रुचि को दर्शाता है।

टेरा मोटर्स अब तक भारत में एक लाख से अधिक इलेक्ट्रिक रिक्शा बेच चुकी है, और इस नए मॉडल के साथ कंपनी का लक्ष्य इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाज़ार का 5-8त्न हिस्सा प्राप्त करना है। कंपनी देशभर में 100 डीलरशिप खोलने और 2025 के अंत तक मासिक उत्पादन क्षमता को 5,000 यूनिट तक बढ़ाने की योजना बना रही है। क्योरो + को अधिक सुलभ बनाने के लिए, कंपनी ज़ीरो डाउन पेमेंट और पहले तीन सर्विस मुफ्त में दे रही है।

# वेक्सफेब एन्टरप्राईझ लि. की एफवाय2024-25 में टोटल इनकम रू. 59.38 करोड रही

- टोटल ईन्कम 143 प्रतिशत बढ़कर 3.23 करोड़ रुपये हो गई
- गत साल की तुलना में 540 प्रतिशत की वृद्धी दर्ज की गई

**वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में नेट प्रोफिट 190 प्रतिशत बढ़कर 1.78 करोड़ रुपये हो गया**

अहमदाबाद। अहमदाबाद स्थित वेक्सफेब एन्टरप्राईज लिमिटेड मार्च 2025 में समाप्त हुए एफवाय2024-25 के दौरान टोटल रू. 59.38 करोड की ईन्कम हुई थी। जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान हुई कुल 9.28 करोड़ रुपये की ईन्कम के सामने वाय-ओ-वाय 540 प्रतिशत का ग्रोथ दर्शाती है। एफवाय 2024-25 के लीए कंपनी का नेट प्रोफिट रू. 58.42 लाख हुआ था। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष इसी अवधि में कंपनी को 3.57 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

क्यू4 एफवाय 2024-25 में कंपनी ने रू. 3.23 करोड की टोटल ईन्कम दर्ज की थी। जो गत वर्ष समान अवधि में हुई टोटल ईन्कम से 143 प्रतिशत ज्यादा है। गत साल कंपनी ने रू. 1.33 करोड की टोटल ईन्कम दर्ज की थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में कंपनी ने 1.78 करोड़ रुपये का नेट प्रोफिट दर्ज किया था। यह पिछले साल की समान अवधि के 61.4 लाख रुपये के नेट प्रोफिट से वायओवाय आधार पर 190 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का प्रति शेयर ईपीएस 2.126 रुपये रहा। 1983 में स्थापित, वेक्सफेब एंटरप्राइजेज लिमिटेड कृषि उत्पादों के व्यापार के व्यवसाय में है और क्लोथिंग और टेक्सटाईल व्यापार में विविधता लाने का प्रस्ताव करता है। इन सभी वर्टिकल को एक ही कॉर्पोरेट एन्टीटी के अंतर्गत रखा जाएगा।

इससे हमें अपने नए सेगमेन्ट में विभाजित करने में मदद मिलेगी जो बदले में हमें विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ग्राहकों को सर्विस प्रोवाईड करने में मदद करेंगे। कंपनी का व्यवसाय दो अलग-अलग व्यावसायिक वर्टिकल में विभाजित है, जिनमें शामिल हैं- ए) कृषि; बी) क्लोथिंग और टेक्सटाईल वर्टिकल।

## ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए तैयार

अहमदाबाद। नए आइडियाज़, इंडस्ट्री से जुड़ाव और प्रैक्टिकल पढ़ाई के मूल सिद्धांतों पर आधारित, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अनुभवात्मक शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, जो छात्रों को एक सुरक्षित और संतोषजनक भविष्य की ओर ले जाती है, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी भविष्य के लीडर्स, क्रिएटर्स और थिंकर्स को तैयार कर रही है। परंपरागत विश्वविद्यालयों से अलग, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी की ट्रेनिंग पद्धतियाँ अनुभवात्मक शिक्षण से गहराई से जुड़ी हुई हैं। इसका पाठ्यक्रम आईबीएम, एनएसई अकादमी, आईआईटीआरएएम और बीआईएसएजी जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारियों के ज़रिए तैयार किया गया है, जिससे छात्र वास्तविक उद्योग प्रोजेक्ट्स पर कार्य करते हैं, डोमेन-विशिष्ट वर्कशॉप्स में भाग लेते हैं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं।

## मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने अपने ऑर्थोपेडिक नेतृत्व को मजबूत किया

अहमदाबाद, एजेंसी। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स की फ्लैगशिप यूनिट मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल, अहमदाबाद में दुनिया के सबसे अनुभवी एवं प्रसिद्ध नी रिप्लेसमेन्ट सर्जनों में से एक डॉ. के. सी. मेहता का अपनी प्रतिष्ठित मेडिकल टीम में स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है। यह रणनीतिक कदम ऑर्थोपेडिक उत्कृष्टता में एक नए युग का प्रतीक है, जो मरीज को सर्वोपरि, वैश्विक रूप से बेंचमार्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के दृष्टिकोण के साथ अभूतपूर्व इनोवेशन को जोड़ता है। डॉ. मेहता को अपने द्वारा घुटने के जोड़ को डिजाइन करने और यू.एस.ए., यू.के., ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, चीन, भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया सहित कई देशों में दस ग्लोबल पेटेंट हासिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित किया गया है। जॉइंट रिप्लेसमेन्ट इंडस्ट्री में एक प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनी द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, डॉ. मेहता को क्रूसिएट-रिटेनिंग हाई-फ्लेक्स जॉइंट रिप्लेसमेन्ट सर्जरी में अग्रणी वैश्विक विशेषज्ञों में से एक माना जाता है - एक ऐसी तकनीक जो अधिक मोबिलिटी और तेजी से रिकवरी को सक्षम करने के लिए प्रसिद्ध है। एक प्रमुख तकनीकी उपलब्धि में, डॉ. मेहता को हाल ही में भारत के पश्चिमी क्षेत्र में पीटर ब्रेहम, जर्मनी के एडवांस्ड बीपीके-एस सिरेमिक घुटने (नी) को प्रत्यारोपित करने वाले पहले सर्जन के रूप में मान्यता दी गई थी। यह अगली पीढ़ी का सिरेमिक नी अपने असाधारण गुणों के लिए जाना जाता है - मिनिमल पॉलीवियर और संक्रमण के सामने बेहतर प्रतिरोध- जो इसे आर्थोपेडिक प्रत्यारोपण टेक्नॉलोजी मे सफल बनाता है। इसके साथ वह एशिया पेसिफिक क्षेत्र में एट्यून ऑल पॉली नी इम्प्लान्ट का उपयोग करने वाले प्रथम सर्जन बन गए हैं, जिससे भारत में आर्थोपेडिक प्रगति में अग्रणी डॉ. मेहता की भूमिका और भी मजबूत हो गई है।

# श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है: रश्मिका मंदाना



**पुष्पा सिर्फ एक नाम नहीं है, पुष्पा मतलब ब्रैंड। वो फिल्म जिसने सारे रिकॉर्ड तोड़े, दिलों को जीता और लोगों को और देखने के लिए बेकरार छोड़ दिया।**

**बॉक्स** ऑफिस पर तूफान मचाने के बाद अब पुष्पा राज एक बार फिर हमारे दिलों पर राज करने को तैयार है। इस बार पुष्पा राज वाइल्ड फायर बनकर लौटा है, एक ऐसी कहानी के साथ, जो पहले से कहीं बड़ी, ज़्यादा दमदार और जबर्दस्त ड्रामा से भरपूर है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2: द रूल' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है ज़ी सिनेमा पर, शनिवार 31 मई को शाम 7:30 बजे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे पूरा परिवार साथ बैठकर देख सकता है क्योंकि 'पुष्पा 2' में है एंटरटेनमेंट, इमोशंस और एक्शन का वो लेवल जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। ज़ी सिनेमा पर पुष्पा 2:द रूल के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के मौके पर रश्मिका मंदाना के साथ एक खास चर्चा--

➢**सवाल-** क्या आपको नहीं लगता कि अब आपको आधिकारिक तौर पर अपना नाम श्रीवल्ली रख लेना चाहिए?

➲ जवाब: ओह, सच कहूं तो मुझे लगता है लोग पहले ही मुझे श्रीवल्ली कहने लगे हैं। और मैं पहले भी अपनी टीम से इस बारे में बात कर चुकी हूं... मुझे ऐसा लगता है कि श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है, और इससे मैं बहुत खुश हूं, और बहुत गर्व महसूस करती हूं। क्योंकि एक एक्टर के लिए सबसे बड़ी बात यही होती है कि लोग उसके काम को पहचानें। और मेरे लिए, यह सबसे बड़ी तारीफ है जो एक एक्टर को मिल सकती है। आज जब लोग मुझे श्रीवल्ली कहकर बुलाते हैं, तो मुझे सच में बहुत खुशी होती है।

➢**सवाल:** 'पुष्पा 2' में जथरा वाला सीन आइकॉनिक बन चुका है, खासकर आपका वो पावरफुल मोनोलॉग। इस पर सबका रिएक्शन कैसा था?

➲**जवाब:** मैंने ये सीन पहली बार बड़े पर्दे पर प्रीमियर के दौरान देखा। तब मैं अल्लू अर्जुन सर के बगल में बैठी थी। जैसे ही डायलॉग शुरू हुआ, पूरा थिएटर एकदम शांत हो गया, और जैसे ही सीन खत्म हुआ, लोग सीटी और ताली बजाने लगे। मैं वहीं बैठी रह गई, और हैरान होकर सोचती रही क्या ये सच में हो रहा है? मेरी आंखों में आंसू थे। हर दिन ऐसा नहीं होता कि किसी एक्ट्रेस को उसकी परफॉर्मेंस पर सीटियां और तालियां मिलें और ये मेरे लिए सब कुछ था। मैंने हमेशा खुद से कहा है कि एक दिन ये सारी मेहनत रंग लाएगी और उस पल में, वाकई, पूरे दिल से ऐसा ही लगा।

➢**सवाल:** पुष्पा फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

➲**जवाब:** अल्लू अर्जुन सर के साथ काम करना एक शानदार लर्निंग एक्सपीरियंस रहा। वो सेट पर इतनी एनर्जी और कमिटमेंट लेकर आते हैं, जो वाकई बहुत इंस्पायर करता है। उनके किरदार में जो डीटेलिंग और गहराई होती है, उसे देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा। उनका पैशन मुझे भी मोटिवेट करता था कि मैं भी एक परफॉर्मर के तौर पर अपना बेस्ट दूं।

➢ **सवाल:** 'पुष्पा 2' को उसके म्यूजिक के लिए भी खूब सराहा जा रहा है। गानों की शूटिंग का अनुभव कैसा रहा?

➲**जवाब:** 'पीलिंग्स' सॉन्ग की शूटिंग मेरे लिए एक अलग ही चैलेंज था क्योंकि मुझे किसी के द्वारा उठाए जाने का फोबिया है और इस गाने के कई डांस मूव्स में ऐसा ही करना था। मुझे सच में नहीं पता था कि ये सब कैसे हो पाएगा। लेकिन मैंने पूरी तरह से सुकुमार सर और अल्लू अर्जुन सर पर भरोसा किया, और ना जाने कैसे, सब आसान लगने लगा। उनका सपोर्ट और मुझ पर भरोसा ही मेरी हिम्मत बना। मैं अपने डर से बाहर आ पाई और गाने में अपना बेस्ट देने पर फोकस कर सकी। और हां, इस गाने को ढेर सारा प्यार भी मिला।

➢**सवाल:** आपके किरदार श्रीवल्ली और पुष्पा के रिश्ते के बारे में कुछ बताइए?

➲**जवाब:** श्रीवल्ली जैसा किरदार निभाना मेरे लिए एक बेहद मुकम्मल अनुभव रहा, क्योंकि ये किरदार अंदर से मजबूत और भावनात्मक रूप से बहुत गहरा है। 'पुष्पा 2' में उसका सफर काफी बदल गया है। वो अब सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी नहीं है, बल्कि जब जरूरत पड़ने पर आवाज उठाने से भी पीछे नहीं हटती। एक अहम सीन है, जिसमें वो पुष्पा के लिए खड़ी होती है, और ये सिर्फ उनके रिश्ते की बात नहीं है, बल्कि उसकी अपनी सोच और हिम्मत की भी बात है। वो पल दिखाता है कि वो कितनी आगे बढ़ चुकी है। और एक एक्टर के तौर पर, उस बदलाव को निभाना मेरे लिए बहुत रिलेटेबल और संतोषजनक रहा। तो तैयार हो जाइए, अपनों को साथ बैठाइए और देखिए 'पुष्पा 2: द रूल' का धमाकेदार वर्ल्ड टेलीविजन।

# पीरियड्स कोई समस्या नहीं, जागरूकता की कमी है: करीना कपूर



**मेंस्ट्रुअल** हाइजीन डे पर अभिनेत्री करीना कपूर ने पीरियड्स पर खुलकर बात की। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट के जरिए अभिनेत्री ने बताया कि वास्तव में पीरियड्स कोई समस्या नहीं, बल्कि यह जागरूकता की कमी है। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने गुजरात के स्कूलों की तारीफ करते हुए लिखा, गुजरात के स्कूलों में अब मासिक धर्म कॉर्नर बनाए गए हैं, जो सुरक्षित और स्वागत योग्य पहल हैं, जहां छात्र कार्ड गेम, रोल-प्ले एप्रन, इंटरैक्टिव मॉडल और किताबों के माध्यम से पीरियड्स के बारे में जानते और सीखते हैं। करीना ने आगे लिखा, यूनीसेफ इंडिया के साथ मिलकर सरकार ने स्कूलों में गेम-चेंजिंग पहल को जगह दी, जो पुरानी धारणाओं को तोड़ रही है और मासिक धर्म के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद कर रही है। 1,03,000 से अधिक लड़कियों और 88,000 लड़कों तक पहुंच के साथ यह न केवल जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान का भी निर्माण कर रहा है। लड़कियों को स्कूल में बने रहने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। करीना ने पोस्ट में आगे लिखा, पीरियड्स फ्रेंडली वर्ल्ड, आइए हर छात्र के लिए खुली बातचीत और सुरक्षित वातावरण का समर्थन करते रहें। मासिक धर्म मायने रखता है। करीना कपूर से पहले अभिनेत्री संदीपा धर ने बताया कि हर छोटा कदम मायने रखता है। ऐसे में मासिक धर्म को लेकर हमें खुलकर बात करनी चाहिए। इससे पहले पीरियड्स हाइजीन को लेकर निमरत कौर ने बताया था कि मासिक धर्म किसी भी महिला के स्वास्थ्य का एक आवश्यक, प्राकृतिक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। फिर भी यह चुप्पी में लिपटा हुआ है। लोग इस बारे में बात नहीं करते, लड़कियां संकोच महसूस करती हैं, खासकर पिछड़े क्षेत्रों में। मासिक धर्म से संबंधित चीजों को इन जगहों पर बांटने से लाभ मिलेगा। मुझे उम्मीद है कि यह प्रयास न केवल जीवन की बुनियादी चीजों की कमी को पूरी करता है, बल्कि पीरियड्स के बारे में बातचीत को सामान्य बनाना भी सुनिश्चित करता है।




# पवन कल्याण की OG की शूटिंग के दौरान इमरान हाशमी को हुआ डेंगू, अस्पताल में भर्ती

इमरान हाशमी इन दिनों साउथ पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म OG की शूटिंग में व्यस्त थे, लेकिन अब उन्हें शूटिंग रोकनी पड़ी हैं। क्योंकि इमरान को ओजी की शूटिंग के दौरान डेंगू हो गया है।

### ओजी की शूटिंग के दौरान इमरान को हुआ डेंगू

वीरल भयानी की एक पोस्ट के अनुसार, बॉलीवुड स्टार इमरान हाशमी को अब कथित तौर पर डेंगू हो गया है। वह पावर स्टार पवन कल्याण के साथ अपनी आगामी पैन-इंडियन फिल्म ओजी की शूटिंग कर रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह मुंबई के गोरेगांव के आरे कॉलोनी में शूटिंग कर रहे थे, जहाँ उन्हें डेंगू के लक्षण महसूस होने लगे। फिल्म की प्रोडक्शन यूनिट के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की है कि इमरान हाशमी अब स्वस्थ हो रहे हैं और उन्होंने शूटिंग से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया है। साउथ स्टार पवन कल्याण की आगामी फिल्म ओजी एक आगामी गैंगस्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन नजर आएंगी। यह इमरान की पहली तेलुगु फिल्म है। फिल्म का संगीत थमन तैयार कर रहे हैं।

# कन्नड़ तमिल से पैदा हुई बयान पर फजीहत के बाद कमल हासन ने दी सफाई, बोले- मैंने प्यार से कहा



अभिनेता और एमएनएम अध्यक्ष कमल हासन ने कथित तौर पर कन्नड़ भाषा को लेकर विवादित टिप्पणी की है। इस पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। इसके बाद कमल हासन ने सफाई दी है। कलम हासन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले वे कन्नड़ भाषा पर अपनी एक विवादित टिप्पणी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। कमल हासन ने चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर कहा कि आपकी भाषा (कन्नड़) तमिल से पैदा हुई है। इस बयान के बाद अभिनेता की आलोचना हो रही है, जिसके बाद उन्होंने सफाई दी है।

# गायिका-अभिनेत्री कावेरी कपूर का नया सिंगल रेमिनिस 30 मई को होगा रिलीज, मोशन पोस्टर जारी



युवा गायिका और अभिनेत्री कावेरी कपूर अपने आगामी सिंगल रेमिनिस के साथ संगीत प्रेमियों के बीच अपनी जगह बनाने के लिए तैयार हैं। यह गाना उनकी पहली फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी के बेहद लोकप्रिय ट्रैक एक धागा तोड़ा मैंने का मूल अंग्रेजी संस्करण है। गाने की घोषणा के साथ ही एक मनमोहक मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें कावेरी अपने को-स्टार वर्धान पुरी के साथ नजर आ रही हैं, जो प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा रहा है। एक धागा तोड़ा मैंने को अपनी रिलीज के समय दर्शकों और फिल्म उद्योग दोनों से जबरदस्त सराहना मिली थी। यह गाना, जो अपनी धुन और बोल के लिए जाना जाता है, अब अपने मूल रूप में रेमिनिस के माध्यम से सामने आ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक कुणाल कोहली ने रेमिनिस के इस मूल अंग्रेजी संस्करण को बहुत पसंद किया था, जिसके बाद उन्होंने इसे हिंदी में रूपांतरित कर बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी में शामिल करने का फैसला किया था। यह नया सिंगल कावेरी के तेजी से बढ़ते संगीत करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। बता दें कि 2025 में बॉलीवुड में अपनी पहली फिल्म में कदम रखने से पहले ही कावेरी चार म्यूजिक वीडियो रिलीज कर चुकी हैं, जो संगीत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और प्रतिभा को दर्शाते हैं। रेमिनिस कावेरी के लिए एक बेहद खास गीत है, क्योंकि उन्होंने इसे तब लिखा था जब वह सिर्फ 15 साल की थीं। इस गाने के बोल जीवन और इसकी अप्रत्याशित प्रकृति के बारे में बात करते हैं, और यह संदेश देते हैं कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करते हुए कैसे आगे बढ़ना चाहिए। यह गाना कावेरी की संगीत यात्रा का एक गहरा और व्यक्तिगत हिस्सा है, जो उनके कलात्मक परिपक्वता को दर्शाता है। प्रशंसक रेमिनिस के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो 30 मई को आने वाला है। संगीत के साथ-साथ अभिनय के मोर्चे पर भी कावेरी सक्रिय हैं। वह वर्तमान में जाने-माने निर्देशक शेखर कपूर की मासूम 2 सीक्वल पर काम कर रही हैं। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आज़मी जैसी दिग्गज जोड़ी वापसी कर रही है, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर भी काफी उम्मीदें हैं। कावेरी कपूर का यह नया गाना उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और संगीत उद्योग में अपनी पहचान को मजबूत करने में मदद करेगा।

# प्यार का पंचनामा में अपने किरदार पर बोलीं नुसरत



**फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी (2018) ने नुसरत भरूचा को दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई। इस फिल्म का निर्देशन लव रंजन ने किया। इससे पहले नुसरत ने लव के ही निर्देशन में बनी प्यार का पंचनामा (2011) में भी काम किया। हाल ही में नुसरत ने खुलासा किया कि प्यार का पंचनामा में उन्हें अपना रोल पसंद नहीं आया था।**

नुसरत भरूचा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि फिल्म प्यार का पंचनामा में उन्हें अपना रोल पसंद नहीं आया, लेकिन इसके बावजूद वे उस तरह के रोल फिर करेंगी। युवा के साथ एक बातचीत में नुसरत से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी में उनके किरदारों को ठीक से पेश किया गया है?

### फिर से वही किरदार करने की जताई इच्छा

इस पर नुसरत ने कहा, तब भी मैं खुश नहीं थी। मैंने फिल्मों के लिए मना कर दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लड़की को जिस तरह से पेश किया गया, उससे कोई दिक्कत नहीं है? इस सवाल के जवाब में वे बोलीं, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है, बिल्कुल नहीं।

# अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' के टीजर संग

### सामने आई रिलीज डेट




दिनेश विजन प्रोड्यूस, श्रीराम राघवन निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में इसकी रिलीज डेट के बारे में जानकारी साझा की है। फिल्म 'इक्कीस' की कहानी एक यंग आर्मी ऑफिसर अरुण खेतरपाल की है। महज 21 साल की उम्र में देश के लिए इस सैन्य अधिकारी ने बलिदान दिया था। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र आर्मी ऑफिसर के पिता का किरदार निभा रहे हैं। वहीं अरुण खेतरपाल के रोल में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे। फिल्म के टीजर में भी युद्ध, युवा सैन्य अधिकारी की बहादुरी की झलक मिल रही है। इस फिल्म के टीजर पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्ट किया है, फिल्म के टीजर को सराहा है। फिल्म 'इक्कीस' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गांधी जंयती के दिन यह फिल्म दर्शक देख पाएंगे, इस फिल्म के जरिए सेना की बहादुरी, शौर्य की गाथा को जान पाएंगे।

# करण जौहर की फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर संग रोमांस करेगा ये एक्टर, पहली बार बनी जोड़ी



**हाल** ही में जान्हवी कपूर फिल्म 'होमबाउंड' के प्रीमियर के लिए कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुईं। इस फिल्म को करण जौहर ने प्रोड्यूस किया। करण जौहर की एक और फिल्म 'लग जा गले' में भी जान्हवी नजर आएंगी। इस फिल्म में अपने एक्शन के लिए मशहूर हीरो जान्हवी के साथ रोमांस करेगा।

जान्हवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क' से की थी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर थे। हाल ही में वह करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी चर्चा में रही हैं, इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी करण जौहर हैं। जान्हवी अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म 'लग जा गले' में नजर आएंगी, इसे भी करण जौहर ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में जान्हवी का हीरो कौन होगा? इसकी जानकारी भी मिली है।

**इस एक्टर संग रोमांस करेंगी जान्हवी**

एक्टर टाइगर श्रॉफ फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। यह दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ एक्टिंग कर रहे हैं। फिल्म को राज मेहता निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक बदला लेने वाली लव स्टोरी होगी।

आईपीएल एलिमिनेटर:

# गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में शुक्रवार को यहां पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मौका मिलेगा।

खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई इंडियन्स की टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही। टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्ले ऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। हालांकि गिल और हार्दिक दोनों को ही काफी कुछ साबित करना है। अगर टाइटंस खिताब जीतता है तो भारत के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान गिल की कप्तान के रूप में साख मजबूत होगी। हार्दिक को पिछले साल टीम में वापसी पर हूटिंग का सामना करने के बाद प्रशंसकों का प्यार वापस मिल गया है और आईपीएल ट्रॉफी से वह फ्रेंचाइजी के महान खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। हालांकि दोनों कप्तान को खिताब की तलाश में अपने सामने मौजूद मुद्दों का हल खोजना होगा। टाइटंस की टीम अधिक चिंतित होगी क्योंकि उसने प्लेऑफ से पहले लय गंवा दी है। टीम ने अपने पिछले दो मैच में हार के दौरान विरोधी टीम को 465 रन बनाने दिए और प्ले ऑफ में उसे गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

गुजरात के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मोहम्मद सिराज को पावर प्ले में टीम को सफलता दिलानी होगी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान को नई गेंद से संघर्ष करना पड़ा है जिससे टाइटंस की समस्याएं बढ़ गई हैं और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ गया है जो मौजूदा सत्र में 23 विकेट के साथ टीम के लिए तुरुप का पत्ता साबित हुए हैं। तेज गेंदबाजी विभाग की कमजोरियों के अलावा स्पिन ऑलराउंडर राशिद खान की प्रभावहीनता ने गेंदबाजी में टीम की मुसीबतों को और बढ़ा दिया है।

बल्लेबाजी विभाग में शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, गिल और जोस बटलर ने टीम को प्ले ऑफ में जगह दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बटलर लीग चरण के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए स्वदेश रवाना हो चुके हैं और प्ले ऑफ में टीम को उनकी कमी खलेगी। बटलर के विकल्प के तौर पर टीम ने कुसाल मेंडिस को टीम में शामिल किया है लेकिन देखना होगा कि वह इंग्लैंड के इस स्टार बल्लेबाज की कमी को पूरा कर पाते हैं या नहीं। टाइटंस के मध्यक्रम में मौजूद शाहरूख खान और शेरफेन रदरफोर्ड सबसे अधिक भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं जिससे मुंबई के खिलाफ टाइटंस की राह आसान नहीं होगी।

टाइटंस की तरह मुंबई को भी विदेशी खिलाड़ियों के जाने से नुकसान हुआ है। शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा के साथ रेयान रिकल्टन ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज अब राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुका है। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स के साथ भी ऐसा ही है। इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के अलावा रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका को मुंबई ने अपने साथ जोड़ा है।

एलिमिनेटर में रोहित के साथ बेयरस्टो पारी का आगाज कर सकते हैं। मध्यक्रम में तिलक वर्मा का खराब प्रदर्शन भी मुंबई के लिए चिंता का सबब है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी में मुंबई के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह मौजूदा सत्र में 640 रन बना चुके हैं। अगर वह विफल रहते हैं तो मुंबई की राह बेहद मुश्किल हो जाएगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई के बल्लेबाज जिस रन गति से रन जोड़ रहे हैं वह भी परेशानी का सबब है और हार्दिक को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे गेंदबाजों की अगुआई में मुंबई के गेंदबाज विरोधी टीम को अधिक परेशान कर रह हैं।

### टीमें:

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, राशिद खान, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत सिंधु, रविश्रीनिवासन साई किशोर, गेराल्ड कोएट्जी, जयंत यादव, अरशद खान, करीम जन्नत, शेरफेन रदरफोर्ड, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, गुरनूर बरार, इशांत शर्मा, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, दासुन शनाका, कुसल मेंडिस और जोस बटलर।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवन जैकब्स, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिचेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका।

**समय:** शाम 7.30 बजे।

नॉर्वे चेस टूर्नामेंट:

## गुकेश की लगातार दो हार के बाद वापसी: तीसरे राउंड में वर्ल्ड नंबर-2 हिकारू को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर शानदार जीत दर्ज की। वर्ल्ड नंबर-2 हिकारू पर इस जीत से उन्हें तीन पॉइंट्स मिले और टूर्नामेंट में लगातार दो हार के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। गुकेश 29 मई 2025 यानी आज अपना 19वां जन्मदिन मना रहे हैं। इससे पहले, गुकेश को पहले दो राउंड में मैग्नस कार्लसन और अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा था।

चौथे राउंड में फैबियानो से भिड़ेंगे गुकेश इस जीत से गुकेश स्टैंडिंग में फिलहाल 5वें नंबर पर हैं। टॉप पर अमेरिका के फैबियानो कारूआना हैं। चौथे राउंड में गुकेश का सामना फैबियानो कारूआना से ही होगा। दूसरे राउंड में अर्जुन ने हराया था गुकेश को मंगलवार को दूसरे राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद वे स्टैंडिंग में सबसे निचले छठे स्थान पर पहुंच गए थे। इससे पहले, उन्हें पहले राउंड में पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। गुकेश मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन गुकेश ने दिसंबर में सिंगापुर में खेले गए वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराकर खिताब जीता था। 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता था। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए।

गुकेश ने चेस ओलिंपियाड भी जिताया था 10 से 23 सितंबर तक पिछले साल बुडापेस्ट में चेस ओलिंपियाड का आयोजन हुआ था। भारत ओपन और विमेंस दोनों कैटेगरी में चैंपियन बना था। ओपन कैटेगरी में गुकेश ने ही फाइनल गेम जीतकर भारत को जीत दिलाई थी।

धक्का दिया, हेलमेट खींचा...

## मैदान पर लड़ बैठे बांग्लादेश-साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर अंपायर को भी किया किनारे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका की इमर्जिंग टीमों के बीच ढाका में चार दिवसीय मुकाबले के दौरान जो कुछ मैदान पर हुआ, उसने जेंटलमैन गेम्स को शर्म कर दिया. इस मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच ततनाव इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई. बांग्लादेश के गेंदबाज और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर मामला एक दूसरे पर हाथ उठाने तक पहुंच गया. इसी बीच अंपायर्स ने खिलाड़ियों को अलग भी किया. लेकिन इसके बावजूद दोनों में कहासुनी होती रही.

यह विवाद बांग्लादेश के 22 वर्षीय बल्लेबाज रिपोन मंडल और साउथ अफ्रीका के 29 वर्षीय गेंदबाज शेपो एंतुली के बीच हुआ. दोनों के बीच कहासुनी हुई और फिर दोनों एक-दूसरे से भिड़ गए.

बैडमिंटन:

## सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय बाहर



**सिंगापुर, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। ??अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया। पहले दौर में कनाडा की वेन यू झेंग के खिलाफ 21-14, 21-9 से जीत दर्ज करने वाली सिंधू दूसरे दौर में इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहीं।

पुरुष एकल में भी भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21 14-21 से हारकर बाहर हो गए।

## ऑस्ट्रेलिया ए और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सितंबर से दिसंबर 2025 तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम, ऑस्ट्रेलिया पुरुष ए टीम और दक्षिण अफ्रीका पुरुष ए टीम के भारत दौरे के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। इस दौरान कुल 13 मैच विभिन्न प्रारूपों में खेले जाएंगे।



### ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा - 3 वनडे

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम भारत में तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए आएगी, जो 2025 में होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह सीरीज चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेली जाएगी। यह मैदान जिसे चेपक के नाम से भी जाना जाता है, अपनी शानदार पिच के लिए प्रसिद्ध है। यह सीरीज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए एक सुनहरा अवसर होगी, क्योंकि वे विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को परख सकेंगी।

# टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहते हैं रवींद्र जडेजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भले ही कप्तानी के दावेदारों में उनका नाम शामिल नहीं रहा हो लेकिन अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा कि वह एक दिन भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहेंगे चूंकि अपने लंबे कैरियर में अलग अलग कप्तानों के साथ खेलकर वह इस भूमिका को बखूबी समझ गए हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया जबकि ऋषभ पंत उप-कप्तान होंगे।

क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं, यह पूछने पर 36 वर्ष के जडेजा ने भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हां, बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग-अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं। भारत के लिए 2012 में पहला टेस्ट खेलने वाले जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में तीनों प्रारूपों में पदार्पण किया था और आईपीएल में भी उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेले। जडेजा ने कहा, 'हर कप्तान की अपनी शैली होती है।

मैने हर प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला है और उनकी सोच बिल्कुल सरल है। अगर उन्हें लगता है कि कोई बल्लेबाज एक ही जगह पर शॉट खेल सकता है तो वहां वह फील्डर जरूर लगाएंगे।

टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद अश्विन ने जडेजा को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था, 'हम रविंद्र जडेजा को क्यो भूल जाते हैं। अगर नया कप्तान चाहिए तो मैं कहूंगा कि दो साल के लिए किसी अनुभवी को कमान सौंपने के बाद नए व्यक्ति को बागडोर दी जानी चाहिए।

जडेजा ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम की बजाय टी20 में कप्तानी अधिक कठिन है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आपको गेंदबाज की जरूरत के मुताबिक दो या तीन फील्डर में बदलाव करना होता है, बल्लेबाज के हिसाब से नहीं। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी अलग है। इसमें ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी होती। यह आईपीएल या टी20 की तरह पेचीदा नहीं है, जहां हर गेंद अहम होती है।

### आज से शुरू होगा इंडिया ए बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट मैच, ये हैं लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल्स और दोनों टीमों का स्काड


**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के इंग्लैंड के लंबे टेस्ट दौरे की शुरुआत इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए की अनौपचारिक टेस्ट सीरीज के प्रारंभिक चरण से होगी। दोनों देशों की 'ए' टीमें 30 मई से दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगी। इसके बाद इंडिया ए 20 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारत की सीनियर टेस्ट टीम से भिड़ेगी। बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन इंडिया ए टीम की अगुआई करेंगे। इसमें कई ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो बाद में टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। समरसेट के जेम्स रेव पहली बार इंग्लैंड लायंस की अगुआई करेंगे। वह 2 मैच की चार दिवसीय सीरीज में इंडिया ए का सामना करेंगे। शुरुआती 15 खिलाड़ियों वाली इंग्लैंड लायंस में उभरते हुए प्रतिभाशाली और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। इसमें क्रिस वोक्स भी शामिल हैं, जो टखने की चोट के बाद वापसी कर रहे हैं।

## पाकिस्तान की जीत में चमके हसन अली और सलमान आगा, बांग्लादेश को दी 37 रनों से पटखनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बुधवार पाकिस्तान की जीत में चमके हसन अली और सलमान आगा, बांग्लादेश को दी 37 रनों से पटखनी

को लाहौर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हसन अली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (5/30) और शादाब खान के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सलमान आगा (56 रन, 34 गेंद) और शादाब खान (48 रन, 25 गेंद) की आतिशी पारियों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश की टीम हसन अली की घातक गेंदबाजी



और शादाब के दो विकेटों (2/26) के सामने 164 रनों पर सिमट गई।

**सलमान और हारिस की साझेदारी:** पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलमान और फखर जमान पारी शुरू करने उतरे, लेकिन पहले ही ओवर में सलमान आउट हो गए। मेहेदी हसन ने उन्हें पहली गेंद पर रिटर्न कैच पकड़ा। अगले ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने फखर को इनस्विंगर पर बोल्ड कर दिया। शोरिफुल ने इस विकेट के साथ टी20 में अपने 50 विकेट भी पूरे किए। हालांकि, मोहम्मद हारिस (31 रन, 18 गेंद) ने आक्रामक शुरुआत की और शोरिफुल के एक ओवर में तीन चौके जड़कर दबाव बनाया। कप्तान सलमान ने भी मेहेदी के खिलाफ तीन चौके लगाए, जिससे पावरप्ले में पाकिस्तान ने 50 रन पार किए। हारिस सातवें ओवर में आउट हुए, लेकिन सलमान ने हसन नवाज़ के साथ मिलकर पारी को संभाला। किस खिलाड़ी की वजह से गिल बने भारतीय टेस्ट कप्तान और कैसी है इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया, सुनील गावस्कर ने बताया

**सलमान और नवाज ने दी पारी को रफ्तार:** सलमान ने तंजीम हसन और रिशाद हुसैन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने स्कूप शॉट्स और लेट कट्स के साथ अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाया। नवाज़, जो हाल ही में पीएसएल 2025 में अपने प्रदर्शन से चर्चा में थे, ने रिशाद के खिलाफ पहला छक्का जड़ा।

इस बात को लेकर कमेंट्री पैनल पर भड़के डिविलियर्स

# कभी-कभी कमेंटेटर्स एक ही कहानी पर अटक जाते हैं...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के एकाना स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए आईपीएल 2025 के लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में क्वालिफायर 1 में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण जीत की जरूरत थी, लेकिन लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के शानदार शतक की बदौलत 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के गेंदबाजों को जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में काफी आलोचना का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने कमेंट्री बॉक्स से की गई नकारात्मक टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कमेंटेटर्स की आलोचना पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैंने कल रात कमेंट्री सुनी और मुझे बहुत गुस्सा आया। जब हम गेंदबाजी कर रहे थे, तब कमेंटेटर्स इतने नकारात्मक थे। वे बार-बार कह रहे थे, 'आरसीबी की गेंदबाजी दबाव में है। ऐसा लगता है कि वे इसे संभाल नहीं पाएंगे। एक बार फिर फॉर्म में चल रही टीम अपनी लय खो रही है।' लेकिन क्या आपने यह सोचा कि शायद यह बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी पिच थी? सभी



समझदार कमेंटेटर्स से मैं कहना चाहता हूं, क्या आपने इस संभावना पर विचार किया कि यह बल्लेबाजी के लिए शानदार सतह थी? डिविलियर्स ने आगे कहा, वे बार-बार कह रहे थे कि आरसीबी की गेंदबाजी इकाई फिर से खराब फॉर्म में है। मैंने मैच देखते हुए सोचा कि कभी-कभी कमेंटेटर्स एक ही कहानी पर अटक जाते हैं। हां, यह सच है कि आरसीबी ने अभी तक कोई खिताब नहीं जीता, लेकिन यह कहना कि 'फिर वही हो रहा है, गेंदबाज नाकाम हैं, वे बेकार हैं,' बिना मैदान पर हो रही चीजों का ठीक से विश्लेषण किए यह कहना आलसी रवैया है। ऋषभ पंत 60-कुछ गेंदों पर 118 रन कठिन पिच पर नहीं बनाएंगे। पिच से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी जिसकी वजह से एलएसजी के सभी बल्लेबाज वहां सहज दिख रहे थे। उन्होंने यह भी जोड़ा, हां, कुछ मौकों पर गेंदबाजी खराब थी। लेकिन हमें बड़े दृष्टिकोण से देखना चाहिए। एक ऐसी पिच पर 227 रन, जो आमतौर पर इतनी आक्रामक बल्लेबाजी का सपोर्ट नहीं करती, लेकिन अगर रन बने हैं तो साफ तौर पर कहा जा सकता है कि ये पिच बल्लेबाजों के लिए ही थी। आरसीबी अभी भी मुकाबले में थी; वे पूरी तरह से हावी नहीं हुए थे, और उन्होंने इसे साबित भी किया।

# एलन मस्क का डोनाल्ड ट्रंप से मोहभंग

## -अमेरिकी राष्ट्रपति के 'बिग ब्यूटीफुल बिल' की खुलकर की आलोचना

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच अब रिश्ते पहले जैसे नहीं रह गए हैं। एक वक्त ट्रंप की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले मस्क अब उन्हीं के बिल की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे अहम कानून 'बिग ब्यूटीफुल बिल' की खुलकर आलोचना उस रिश्ते में बड़ी दरार मानी जा रही है, जो पिछले साल चुनाव के दौरान दोनों नेताओं के बीच बना था और जिसने अमेरिकी राजनीति और सरकार में बड़ा बदलाव लाने का वादा किया था। एलन मस्क, जिन्होंने ट्रंप के चुनाव अभियान को कम से कम 250 मिलियन डॉलर (लगभग 2,000 करोड़ रुपये) का समर्थन दिया था और उनके प्रशासन में सलाहकार की भूमिका भी निभाई थी, अब इस बिल से काफी निराश हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून न केवल भारी खर्च वाला है, बल्कि यह उनके विभाग सरकारी दक्षता विभाग की कोशिशों को कमजोर करता है।



**क्या है 'बिग ब्यूटीफुल बिल'?**

यह बिल टैक्स में कटौती और कड़ी इमिग्रेशन (प्रवासन) नीति को बढ़ावा देने की बात करता है। साथ ही इसमें सरकारी खर्च को बढ़ाने वाली कई योजनाएं शामिल हैं।

**एलन मस्क क्यों हुए नाराज?**

सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा कि इस बिल से सरकारी खर्च और घाटा दोनों बढ़ रहे हैं। यह उनके उस उद्देश्य के खिलाफ है जिसके तहत उन्होंने डीओजीई विभाग बनाया था — यानी सरकारी खर्च में 1 ट्रिलियन डॉलर की कटौती करना। लेकिन अब वह मानते हैं कि वाशिंगटन डीसी की सरकारी व्यवस्था उम्मीद से कहीं ज्यादा खराब है।

एलन मस्क ने चुनाव के दौरान डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने व्हाइट हाउस में ट्रंप की प्रचार टोपी पहनी, अपनी खुद की चुनावी रैलियां कीं और सरकारी खर्च को अमेरिका के लिए 'अस्तित्व का संकट' बताया। एक समय उन्होंने कहा था, 'जितना मैं राष्ट्रपति ट्रंप को जानता गया, उतना ही उन्हें पसंद करने लगा। सच कहूं तो, मैं उनसे प्यार करता हूं।' इसके बदले ट्रंप ने भी मस्क की जमकर तारीफ की थी। जब टेस्ला की बिक्री में गिरावट आई थी, तब ट्रंप ने व्हाइट हाउस के बाहर टेस्ला की कारें लगवा कर मस्क का समर्थन दिखाया था।

अब मस्क ने सरकार में काम से दूरी बनानी शुरू कर दी है और फिर से टेस्ला, स्पेसएक्स जैसी अपनी कंपनियों पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब वह राजनीति में पैसा लगाना भी कम कर देंगे क्योंकि 'मुझे लगता है कि मैंने काफी कुछ कर लिया है।' फिलहाल यह साफ नहीं है कि मस्क की इस आलोचना का कानून पर क्या असर पड़ेगा। लेकिन यह जरूर तय है कि ट्रंप अभी भी रिपब्लिकन पार्टी में सबसे मजबूत नेता हैं और ज्यादातर सांसद उनके खिलाफ जाने से हिचकते हैं।

दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन को छोड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा, चूंकि स्पेशल गवर्नमेंट एम्पलाई के रूप में मेरा निर्धारित समय खत्म हो रहा है, इसलिए मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बेफिजूल खर्चों को कम करने के मौके देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। DOGE मिशन समय के साथ और भी मजबूत होगा।

दरअसल, कुछ समय पहले खबरें आईं थी कि डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DOGE) का काम देखने की वजह से मस्क का कारोबार प्रभावित हो रहा है। एलन मस्क ने यह फैसला राष्ट्रपति के हस्ताक्षर वाले 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट'की सर्वाजनिक रूप से आलोचना करने के बाद लिया है। टेस्ला के सीईओ मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद इसी साल जनवरी में DOGE का पद संभाला था। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'वह बड़े स्तर पर खर्च बिल को देखकर निराश हैं, साफ तौर पर जो बजट घाटे को बढ़ाता है। यह DOGE टीम की ओर से किए जा रहे काम को प्रभावित करता है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि एक बिल बड़ा हो सकता है या सुंदर हो सकता है।' 'लेकिन मुझे नहीं पता कि यह दोनों हो सकता है या नहीं।'

**क्या अब बंद हो जाएगा DOGE?**

बता दें कि ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में लौटने के बाद DOGE विभाग को शुरू किया गया। ऐसा अमेरिका में पहली बार हुआ था, जिसकी वजह से यह खूब सुर्खियों में रहा। इस विभाग की कमान एलन मस्क को दी गई। लेकिन मस्क के पद छोड़ने की घोषणा के बाद से अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि इस विभाग का नेतृत्व कौन करेगा, क्या यह अब बंद हो जाएगा? हालांकि, ट्रंप ने पहले ऐलान किया था कि DOGE 4 जुलाई 2026 तक काम करेगा।

# ओडिशा में कुंजम हिडमा गिरफ्तार, भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद

## -ओडिशा में माओवाद के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

ओडिशा,(एजेंसी)। ओडिशा में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही मुहिम को एक बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने एक कुख्यात और वांछित माओवादी नेता कुंजम हिडमा को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी कोरापुट जिले के बाईपारिगुड़ा थाना क्षेत्र के पेठागुड़ा जंगल में की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक AK-47 राइफल समेत कई अन्य हथियार बरामद की है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ माओवादी इलाके में छिपे हुए हैं। इसके बाद एक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें पेठागुड़ा के घने जंगल में छिपे हुए कुंजम हिडमा को घेरकर गिरफ्तार किया गया।



**नक्सली के पास से क्या-क्या मिला?**

हिडमा के पास से सुरक्षा बलों ने एक एके-47 राइफल, 34 राउंड गोली, 27 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 90 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 2 किलो गन पाउडर, 2 स्टील कंटेनर, 2 रेडियो, 1 ईयरफोन, एक मोटोरोला वॉकीटॉकी और उसकी बैटरी, 2 चाकू, 1 कटारी, माओवादी से जुडे किताबें आदि बरामद की गई हैं।

**बड़ी घटना की तैयारी में था हिडमा**

कार्रवाई के दौरान इन हथियार की बरामदगी से साफ होता है कि हिडमा किसी बड़ी घटना की तैयारी में था। कुंजम हिडमा नक्सल संगठन का एरिया कमिटी मेंबर (ACM) था। हिडमा की गिरफ्तारी को नक्सल नेटवर्क पर बड़ी चोट माना जा रहा है। इससे न केवल इस क्षेत्र में माओवादियों के मनोबल को झटका लगा है, बल्कि उनके नेटवर्क को कमजोर करने में भी मदद मिलेगी। पुलिस अब हिडमा से पूछताछ करेगी, ताकि उसके संपर्क में रहने वाले अन्य माओवादियों और उनके ठिकानों की जानकारी मिल सके। अधिकारियों का कहना है कि वे इस गिरफ्तारी के जरिए पूरा नेटवर्क खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**14 साल की उम्र में बना था नक्सली**

सुरक्षा बलों ने बताया कि हिडमा ने माओवादी संगठन को 14 साल की आयु में 2007 में ज्वाइन किया था, इस दौरान वह माओवादी संगठन के दो विंग बल संघम और जन नाट्य मंडली में काम किया। 2007 से 2013 तक वह बाल संघम और जेएनएम से जुड़ा रहा। फिर 2013 से 2015 के बीच उसने उसूर लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड (एलओएस) के तहत एक पार्टी सदस्य के रूप में काम किया और सैन्य प्रशिक्षण हासिल की, इसी दौरान उसे संगठन की ओर से सिंगल-शॉट राइफल दी थी।

**कई जगह किया काम**

फिर 2016 में उसने एओबी (आंध्र ओडिशा बॉर्डर) प्लाटून में काम करना शुरू किया और बाद में 2019 में उसे एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) के पद पर प्रमोट किया गया और एक एसएलआर राइफल दी गई। इसने सुरेश (एसजेडसीएम) के अधीन भी एक सैन्य प्लाटून में काम किया, जो कोरापुट जिले के बोइपारीगुडा क्षेत्र, मलकानगिरी जिले (ओडिशा) के कट-ऑफ क्षेत्र और एएसआर जिले (आंध्र प्रदेश) के पेदाबैलु क्षेत्र में कार्यरत था।

**सुकमा में भी किया काम**

इसके बाद 2021-2022 के दौरान, उन्हें छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड़ क्षेत्र में कार्यरत एओबी प्लाटून सेक्शन-01 में नियुक्त किया गया था। 2023 में, उन्हें सुकमा जिले के अंतर्गत केरलपाल क्षेत्र में प्लाटून-24 में ट्रांसफर कर दिया गया और 2024 में, अस्थायी रूप से प्लाटून-26 में भेजा गया, जो सुकमा के मालेंगिरी क्षेत्र में रहता है। वह मई 2025 में एओबी इकाई में लौट आया और तब से एक्टिव था।

# जयपुर में सड़क चौड़ीकरण के लिए JDA का एक्शन प्लान, अतिक्रमण हटाने की सूची तैयार

## -8 प्रमुख सड़कों से हटेगा अतिक्रमण, दो एलिवेटेड रोड अगस्त तक शुरू

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाता रहता है। इसी क्रम में 26 मई, सोमवार को खातीपुरा क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान झारखंड तिराहे से लेकर 200 फीट बायपास तक सड़क चौड़ीकरण के तहत अवैध निर्माणों पर बुलडोज़र चलाया गया। कई पक्के मकान, दुकानों के आगे बने छज्जे और दीवारों को तोड़ा गया। प्राधिकरण ने आने वाले महीनों में ऐसे और भी अभियान चलाने की तैयारी कर ली है, जिसके लिए संभावित इलाकों की सूची भी तैयार कर ली गई है।



**JDA की लिस्ट में जयपुर की मुख्य सड़कें शामिल**

जेडीए ने राजधानी की सड़कों को चौड़ा करने के लिए एक योजना बनाई है। एक अख़बार में छपी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि जेडीए ने इन सड़कों की एक लिस्ट बनाई है।इस लिस्ट में जयपुर की इन सड़कों के नाम हैं - सांगानेर रोड, हसनपुरा रोड, सिरसी रोड, कलवार रोड, महल रोड, अर्जुन नगर में 80 फीट रोड, गोपालपुरा बाइपास रोड और झालना बाइपास रोड। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले अधिकतर लोग कुछ न कुछ दस्तावेज़ पेश करते हैं, लेकिन हालिया मामलों में यह देखने में आया है कि अदालतें आमतौर पर अतिक्रमण हटाने के पक्ष में फैसला सुनाती हैं। उन्होंने कहा कि खास तौर पर हाई कोर्ट का रवैया जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) की योजनाओं को लेकर सहयोगात्मक नजर आ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, जयपुर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए अतिक्रमण हटाना अब समय की जरूरत बन गया है। एक अधिकारी ने कहा, "हमने सबसे पहले सांगानेर रोड और गोपालपुरा बायपास को प्राथमिकता में रखा है। इन दोनों सड़कों पर अगस्त तक दो एलिवेटेड रोड का निर्माण शुरू करने की योजना है।"

# राजस्थान में कोरोना के नए वैरिएंट XFG और LF.7.9 की पुष्टि, अब तक 39 केस

## -एसएमएस अस्पताल अलर्ट मोड पर

जयपुर। राजस्थान में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। अब तक प्रदेश में कुल 39 संक्रमित मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। इसी के साथ राज्य में कोरोना के नए वैरिएंट भी सामने आए हैं।जानकारी के मुताबिक, जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती कोरोना मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पुणे स्थित एनआईवी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी) भेजे गए थे। अब इनकी रिपोर्ट सामने आ गई है।एनआईवी लैब में जांचे गए चार सैंपल्स में से दो सैंपल में XFG और LF।7।9 वैरिएंट की पुष्टि हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, देश के पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में इन दोनों वैरिएंट्स के मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं। इन्हीं ट्रेंड्स के आधार पर राजस्थान में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के प्रसार पर नजर रखने के लिए निगरानी और जांच अभियान को और तेज करने की बात कही है।



एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि ये स्ट्रेन ज्यादा खतरनाक नहीं है। लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ के एरिया में जा रहे बच्चों, बुजुर्गों और किसी भी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को मास्क का उपयोग करना चाहिए, ताकि बचाव हो सके। हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में इस साल अब तक कुल 39 केस सामने आ चुके हैं। एक मरीज की मौत इस बीमारी से हुई है। जिलेवार रिपोर्टें देखें तो सबसे ज्यादा जयपुर में 17 केस आए हैं, जबकि जोधपुर में 6, उदयपुर में 4, डीडवाना में 3, बीकानेर, अजमेर में 2-2, दौसा, बालोतरा, फलौदी, सवाई माधोपुर और एक अन्य जगह एक-एक केस मिले हैं। गुरुवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने SMS अस्पताल का दौरा किया और ऑक्सीजन प्लांट का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि एलएमओ प्लांट पूरी तरीके से काम कर रहा है। तकरीबन 90 प्रतिशत ऑक्सीजन इसी प्लांट से अस्पताल में सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा दो अन्य ऑक्सीजन प्लांट भी अलर्ट मोड पर रखे गए हैं।

# किशनगढ़ में नकली खाद का खेल उजागर, कृषि मंत्री ने पकड़ा गोदाम, किसानों में गुस्सा

जयपुर। राजस्थान के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा भ्रष्टाचार के खिलाफ वह खुद ग्राउंड पर उतर कर कार्रवाई कर रहे हैं। इस दौरान अजमेर जिले के किशनगढ़ क्षेत्र में नकली खाद के कारोबार में बड़े घोटाले का खुलासा किया है। इसके लिए किरोड़ी लाल मीणा किशनगढ़ के उदयपुर कला गांव में एक गोदाम पर खुद छापामारी करने पहुंच गए। जहां छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली खाद जब्त की। बताया जा रहा है कि किरोड़ी लाल मीणा ने 6 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की है।किरोड़ी लाल मीणा ने जहां छापेमारी की है वहां गोदाम से नकली DAP (डाई-अमोनियम फॉस्फेट), SSP (सिंगल सुपर फॉस्फेट) और जिप्सम की भारी खेप बरामद की गई।

**अधिकारियों को लगाई फटकार**

मंत्री मीणा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि यह किसानों के साथ गंभीर धोखा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार मिलावटखोरी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं और कहा है कि खाद आपूर्ति नेटवर्क की पूरी तरह से जांच की जाएगी। जानकारों के अनुसार DAP, SSP और जिप्सम कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक सामग्री हैं। DAP में नाइट्रोजन और फॉस्फोरस होता है जो फसल की जड़ों को मजबूती देता है, वहीं SSP मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है और जिप्सम एक प्राकृतिक मिट्टी सुधारक है। इनकी नकली किस्मों से फसल उत्पादन पर बुरा असर पड़ता है और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है।



**स्थानीय किसानों में रोष व्याप्त**

छापे के बाद जैसे ही स्थानीय किसानों को नकली खाद के गोदाम और बिक्री की जानकारी मिली उसके बाद किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया और उन्होंने दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की है। प्रशासन अब पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गया है ताकि मिलावटखोरों की पूरी श्रृंखला को पकड़ा जा सके।

# पीएम मोदी ने सिक्किम के 50 साल पूरे होने पर वर्चुअली लिया हिस्सा

## -750 करोड़ की परियोजनाओं की रखी आधारशिला

बागडोगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को गंगटोक में सिक्किम राज्य के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के अवसर पर कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागडोगरा से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी गंगटोक में सिक्किम राज्य स्थापना समारोह में हिस्सा लेने वाले थे। मगर खराब मौसम की वजह से उन्होंने बागडोगरा से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



**1975 में सिक्किम के 22वें राज्य बनने की याद में मनाया जा रहा आयोजन**

गौरतलब हो, 'सिक्किम 50: जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को बढ़ावा देती है' थीम के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह समारोह 1975 में सिक्किम के एक जनमत संग्रह के बाद भारत के 22वें राज्य बनने की याद में मनाया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप तत्कालीन चोग्याल साम्राज्य का भारतीय संघ में विलय हुआ था।

पीएम मोदी ने इस दौरान कई विकास परियोजनाओं की वर्चुअली आधारशिला रखी और उनका उद्घाटन किया। इसमें नाम्ची जिले में 750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाला एक नया 500-बेड वाला जिला अस्पताल, ग्यालशिंग जिले के पेलिंग के सांगाचोलिंग में एक यात्री रोपवे, गंगटोक जिले के संगखोला में अटल अमृत उद्यान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की एक प्रतिमा की स्थापना शामिल है।

**स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी किया गया जारी**

इसके अलावा इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सिक्किम के राज्यपाल ने सिक्किम के 50 साल पूरे होने पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार का भी दौरा करेंगे, जहां वे अलीपुरद्वार और कूच बिहार जिलों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

इसके अलावा वे बिहार का भी दौरा करेंगे और शाम लगभग 5:45 बजे पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,